# जहां तक नैतिकता का सवाल है,

## हमारा जवाब हमेशा एक ही होता है

यहां सत्यनिष्ठा ही कारगर है

आचरण संहिता

Baxter

# हमारी सत्यनिष्ठा

Baxter's (बैक्सटर) की सफलता का आधार परिणामों और सत्यनिष्ठा के प्रति हमारी व्यक्तिगत जवाबदेही है। रोगी, डॉक्टर, ग्राहक, नियामक, निवेशक, और हमारे कर्मचारी प्रत्येक दिन के हमारे काम की सत्यनिष्ठा पर दृढ़तापूर्वक आस्था रखते हैं :

हमारे कार्य स्थल में सत्यनिष्ठा

शोध और विकास में सत्यनिष्ठा

विनिर्माण में सत्यनिष्ठा

हमारे उत्पादों में सत्यनिष्ठा

सेल्स और मार्केटिंग में सत्यनिष्ठा

सामुदायिक संबंधों में सत्यनिष्ठा

Baxter (बैक्सटर) में, सत्यनिष्ठा का अर्थ है कि हम ईमानदार और निष्पक्ष हैं। हम अपने वायदे निभाते हैं। हम सवाल करने को प्रोत्साहित करते हैं। हम विचार–विमर्श को महत्व देते हैं, और कानूनी आवश्यकताओं का पालन करते हैं।

**यहां सत्यनिष्ठा ही कारगर है। यहां सत्यनिष्ठा की जीत होती है।**

Baxter

# रॉबर्ट एल. पार्किंसन, जूनियर की ओर से एक संदेश

*प्रिय साथियो :*

Baxter (बैक्सटर) की दीर्घकालिक सफलता का आधार हमारी सत्यनिष्ठा है। हर रोज, दुनिया भर में हमारे अनेक स्टेकहोल्डर – रोगी, ग्राहक, निवेशक, नियामक, और कर्मचारी – व्यावसायिक नैतिकता और अनुपालन के उच्चतम मानकों के प्रति हमारी वचनबद्धता पर दृढ़ आस्था रखते हैं।

Baxter (बैक्सटर) में चाहे आपकी कोई भी भूमिका हो, पर आपके द्वारा लिए गए निर्णय हमारी प्रतिष्ठा में प्रतिबिंबित होते हैं और हमारी सफलता के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। मैं एक ऐसी संस्कृति अपनाने और उसे आगे बढ़ाने के आपके नेतृत्व पर भरोसा रखता हूं जिसमें हम अपने मूल्यों और, जाहिर तौर पर, कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करते हुए उन सभी बाजारों में अपने व्यवसाय को अत्यधिक तीव्र गति से आगे बढ़ा सके जहां हम सेवाएं देते हैं।

हम सभी को यह जानना चाहिए कि हमारा उद्योग बहुत अधिक नियंत्रित है और यह कि बहुत–से मामलों में नियम जटिल हैं और सख्ती से लागू किए जाते हैं। इन वजहों से, मैं हर कर्मचारी से सवालों और चिंताओं के उठते ही उन्हें जाहिर करने की आशा रखता हूं ताकि सुनिश्चित हो सके कि हम अपने आचरण के प्रति हमेशा सहज हैं। और प्रत्येक प्रबंधक का यह दायित्व है कि वह ऐसा परिवेश निर्मित करे जहां इस तरह के प्रश्नों और चिंताओं का स्वागत किया जाता हो।

यह आचरण संहिता Baxter (बैक्सटर) के सभी कर्मचारियों को प्रशासित करने वाले केंद्रीय सिद्धांतों को प्रस्तुत करती है। यह उन बहुत–से उपलब्ध स्रोतों की पहचान भी करती है जो यह समझने में आपके लिए सहायक हैं कि ये सिद्धांत आपकी नौकरी से कैसे संबंधित हैं।

कृपया हमारी संहिता को इत्मीनान से पढ़ें और समझें। कोई भी सवाल हों तो पूछें। और सुनिश्चित करें कि आप तद्नुसार Baxter (बैक्सटर) व्यवसाय का संचालन कर रहे हैं। परिणामस्वरूप हम ज्यादा मजबूत, ज्यादा प्रतिस्पर्द्धी, और ज्यादा वहनीय कंपनी बनेंगे।

रॉबर्ट एल. पार्किंसन, जूनियर, चेयरमैन एवं चीफ एक्ज़ीक्युटिव ऑफिसर

*हमारी संहिता को चार बुनियादी भागों में संगठित किया गया है :*

**हमारी कंपनी** लगभग प्रत्येक कर्मचारी को प्रशासित करने वाले सिद्धांत प्रदान करती है।

**हमारे उत्पाद** ऐसे सिद्धांत प्रदान करते हैं जो हमारे उत्पादों के शोध, विकास, और विनिर्माण को प्रशासित करते हैं।

**हमारे ग्राहक** हमारे उत्पादों की बिक्री और विपणन को प्रशासित करने वाले सिद्धांत प्रदान करते हैं।

**हमारा विश्व** निवेशकों, नियामकों, और अन्य बाह्य घटकों के साथ हमारे संबंधों को प्रशासित करने वाले सिद्धांत प्रदान करते हैं।

**आपका टूलबॉक्स**

*संहिता में बताए गए बुनियादी नियमों के अतिरिक्त, हमने मार्गदर्शन के लिए परामर्श करने हेतु लागू होने योग्य नीतियों, विषय–वस्तु विशेषज्ञों और उचित निर्णय लेने में कर्मचारियों की सहायता करने हेतु अधिक जानकारी तलाशने के लिए स्थानों की पहचान की है। अतिरिक्त जानकारी और संसाधनों के लिंक इस दस्तावेज के इंट्रानेट संस्करण पर नैतिकता एवं अनुपालन इंट्रानेट वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।*

# विषयवस्तु


**सीईओ का पत्र** ..... 4

**हमारी कंपनी** ..... 6
सामान्य अपेक्षाएं ..... 8
रोजगार संबंधी कार्यव्यवहार ..... 9
Baxter (बैक्सटर) की परिसंपत्तियां..... 10
सटीक व्यावसायिक रिकॉर्ड्स ..... 11
हितों का टकराव ..... 12
डेटा गोपनीयता ..... 13
कर्मचारी उपहार एवं मनोरंजन ..... 14

**हमारे उत्पाद** ..... 16
जैवचिकित्सा–शास्त्रीय नैतिकता ..... 18
रोगियों की सुरक्षा करना और गुणवत्ता वाले उत्पाद निर्मित करना ..... 19
पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ..... 20
आपूर्तिकर्ता ..... 21

**हमारे ग्राहक** ..... 22
स्वास्थ्यचर्या पेशेवरकर्मियों के साथ संबंध ..... 24
विज्ञापन तथा प्रोत्साहन ..... 25
भ्रष्ट कार्यव्यवहारों को रोकना ..... 26
निष्पक्ष प्रतिस्पर्द्धा और गुट विरोधी विनियम ..... 27
व्यापार अनुपालन ..... 28
व्यावसायिक बुद्धि–चातुर्य ..... 29

**हमारा विश्व** ..... 30
"आंतरिक जानकारी" और प्रतिभूति व्यापार ..... 32
मीडिया और निवेशकों के साथ संचार ..... 33
सार्वजनिक मामले और राजनीतिक गतिविधियां ..... 34
सरकारी संगठनों को जानकारी प्रदान करना ..... 35
सरोकार व्यक्त करना और सही काम करना ..... 36
Baxter's Board of Directors (बैक्सटर का निदेशक मंडल), Public Policy Committee (सार्वजनिक नीति समिति), और Corporate Responsibility Office (कॉरपोरेट उत्तरदायित्व कार्यालय) ..... 38

# हमारी कंपनी

Baxter (बैक्सटर) ने जिंदगियों को बचाने और बनाए रखने के लिए 75 वर्ष से भी अधिक समय से, नवोन्मेषी विज्ञान को लागू करने के अपने मिशन के इर्द–गिर्द अपनी प्रतिष्ठा निर्मित की है। Baxter (बैक्सटर) के कर्मचारी हीमोफिलिया (अनियंत्रित रक्तस्राव), प्रतिरोधक क्षमता की गड़बड़ियों, गुर्दा रोग, और अन्य दीर्घकालिक तथा गंभीर चिकित्सकीय स्थितियों का उपचार करने वाले उत्पादों को विकसित, विनिर्मित, बिक्री और समर्थन करते हैं।

प्रमुख स्वास्थ्यचर्या कंपनियों के बीच ठंगजमत (बैक्सटर) की एक मजबूत वैश्विक उपस्थिति है – हम 100 से अधिक देशों में हजारों उत्पाद बेचते हैं। लातिनी और मध्य अमेरिका के पहाड़ी गांवों, जंगलों और प्रमुख शहरों में; समूचे यूरोप, एशिया और अफ्रीका में; एशिया–प्रशांत के तेजी से उन्नति करते राष्ट्रों में, और यहां तक कि आस्ट्रेलियाई आउटबैक के बेहद कम आबादी वाले क्षेत्रों में भी हमारा नाम परिचित है। हम हर दिन दुनिया के हर कोने तक पहुंचते हैं।

**नवोन्मेष की एक लंबी परंपरा**

Baxter (बैक्सटर) में काम करना आपको रोगियों की देखभाल के प्रति समर्पित कर्मचारियों की – शोध प्रयोगशाला में, विनिर्माण लाइन पर, कार्यालयों और फील्ड में – एक लंबी परंपरा का हिस्सा बनाता है। पिछले कई वर्षों के दौरान, Baxter (बैक्सटर) के कर्मचारियों ने चिकित्सा में कई मुकाम हासिल किए हैं, जिनमें से कुछ ने चिकित्सा का क्रांतिकारीकरण कर दिया। Baxter (बैक्सटर) के "सर्वप्रथमों" में शामिल हैं :

- *व्यावसायिक रूप से निर्मित पहले अंतःशिरीय (आईवी) विलियन;*
- *लचीले प्लास्टिक की पहली रक्त–संग्रहण प्रणाली, जिसने रक्त को इसके संघटक अवयवों में पृथक करना संभव बनाया;*
- *व्यावसायिक रूप से निर्मित पहला कृत्रिम गुर्दा, जो गुर्दे की बीमारी से ग्रस्त लोगों के लिए जीवन–रक्षी डायलिसिस को संभव बना रहा है;*
- *हीमोफिलिया (अनियंत्रित रक्तस्राव) वाले लोगों के लिए पहला सांद्र फैक्टर VIII क्लॉटिंग फैक्टर;*
- *लचीले प्लास्टिक का पहला IV पात्र, जो जल्दी ही IV थेरेपी के लिए मानक बन गया;*

- *IV विलियनों में पहली पूर्वमिश्रित औषधियां;*
- *पहली "सुई–रहित" IV एक्सेस प्रणाली;*
- *पहला पुनर्संयोजक कारक VIII, सेल कल्चर में गुणसूत्रीय ढंग से उत्पन्न किया गया;*
- *पहला और एकमात्र एल्बुमिन, आघात वाले और झुलसे हुए पीड़ितों का उपचार करने के लिए प्रयुक्त होता है, लचीले प्लास्टिक के पात्र में पैक; और*
- *पहली परिवहन–योग्य डायलिसिस प्रणाली, दुनिया भर में गुर्दे के रोगियों को एक नई आजादी देती है।*

ये महज कुछ ऐसे तरीके हैं जिनके जरिए Baxter (बैक्सटर) ने अपने इतिहास के दौरान स्वास्थ्यचर्या को विकसित किया है। Baxter (बैक्सटर) की परियोजनाओं में, दुनिया भर के और ज्यादा रोगियों को आशा की किरण प्रदान करने वाली, और अधिक प्रगतियां प्रतीक्षारत हैं।

एक स्वास्थ्यचर्या कंपनी के रूप में, हमारे व्यवसाय की प्रकृति हमारे कार्यों में उद्देश्य की ज्यादा उन्नत भावना प्रदान करती है। हमें एक ऐसे उद्योग में काम करने का अवसर मिला है जहां हमारे द्वारा बनाए गए उत्पादों का लोगों के जीवन पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि हम कैसे काम करते हैं। स्वास्थ्यचर्या में एक अग्रणी वैश्विक कंपनी के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को अधिक बढ़ाने के लिए अपने प्रचालनों के सभी पहलुओं में सत्यनिष्ठा के साथ काम करना बहुत महत्वपूर्ण है।

**हमारी कंपनी**


8 *सामान्य अपेक्षाएं*

9 *रोजगार संबंधी कार्यव्यवहार*

10 *Baxter (बैक्सटर) की परिसंपत्तियां और संपत्ति*

11 *सटीक व्यावसायिक रिकॉर्ड्स*

12 *हितों का टकराव*

13 *डेटा गोपनीयता*

14 *कर्मचारी उपहार एवं मनोरंजन*


**हममें से प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वह किसी भी कार्य में हो, कंपनी की प्रतिष्ठा का पालक है। BAXTER बैक्सटर नैतिक रूप से व्यवसाय करता है। हमारे व्यक्तिगत कार्य, चाहे बड़े हों या छोटे, BAXTER बैक्सटर की प्रतिष्ठा की सशक्तता का निर्धारण करते हैं।**

# सामान्य अपेक्षाएं

Baxter (बैक्सटर) की प्रतिष्ठा हमारे व्यक्तिगत व्यावसायिक आचरण द्वारा अर्जित की जाती है। अपने स्टेकहोल्डरों के साथ होने वाली प्रत्येक मेल–जोल हमारे लिए यह प्रदर्शित करने का एक अवसर होती है कि हमारी व्यावसायिक सफलता के केंद्र में सत्यनिष्ठा है – कि "यहां सत्यनिष्ठा ही कारगर है।"

Baxter (बैक्सटर) के प्रत्येक कर्मचारी, अधिकारी और निर्देशक को हमारे ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, प्रतिस्पर्द्धियों और एक दूसरे के साथ निष्पक्षता से काम करने का प्रयास करना चाहिए। हम विशेष जानकारी की हेरा–फेरी, धोखाधड़ी, दुरुपयोग करने, भौतिक तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत करने, या अन्य किसी भी गलत कार्यव्यवहार के जरिए अन्यायपूर्ण बढ़त नहीं लेंगे।

हम अपने मानकों को इसलिए नहीं बदलेंगे कि दूसरे अलग तरह से आचरण करते हैं। वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हम अपने मानकों से समझौता नहीं करते।

नैतिक व्यावसायिक आचरण करना प्रत्येक व्यक्ति के काम का हिस्सा है :

**कर्मचारियों की जिम्मेदारियां**

- *Baxter (बैक्सटर) में अपने काम पर लागू होने वाले समस्त आचरण संहिता मानकों को समझें और उनका पालन करें।*
- *अनुपालन नियमों का उल्लंघन न करें और नैतिक आचरण का सक्रियतापूर्वक समर्थन करके Baxter (बैक्सटर) की प्रतिष्ठा की सुरक्षा करें।*
- *जब कभी भी सही अनुपालन नियम कार्य के बारे में संदेह हो अपने प्रबंधन, नैतिकता एवं अनुपालन विभाग, कानून विभाग या विषय–वस्तु मामलों के विशेषज्ञों के साथ परामर्श करें।*
- *यदि आप समझते हैं या आपको संदेह है कि किसी अनुपालन नियम का उल्लंघन हुआ है, तो नैतिकता एवं अनुपालन हेल्पलाइन सहित इस आचरण संहिता में चिन्हित किए गए संसाधनों के माध्यम से तुरंत स्थिति की सूचना दें।*
- *आचरण संहिता या Baxter (बैक्सटर) नीतियों और प्रक्रियाओं के उल्लंघन संबंधी आरोप की किसी भी जांच में पूरी तरह और ईमानदारीपूर्वक सहयोग करें।*

**प्रबंधन की अतिरिक्त जिम्मेदारियां**

- *आप जिनके साथ मेल–जोल करते हैं उन्हें सत्यनिष्ठा के साथ परिणाम प्रदान करने की जिम्मेदारी उठाने के लिए प्रेरित करें।*
- *दूसरे लोगों को सहायता और समर्थन देने के लिए खुलेपन का एक परिवेश निर्मित करें ताकि वे अनुपालन संबंधी प्रश्नों को बेझिझक उठा सकें।*

चूंकि मानकों और समर्थनकारी नीतियों एवं प्रक्रियाओं में समय–समय पर बदलाव हो सकते हैं, इसलिए हममें से प्रत्येक की जिम्मेदारी है कि वह हमारे कार्य को प्रशासित करने वाले वर्तमान कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों, नीतियों, और प्रक्रियाओं को जाने और उनका पालन करे। इस दस्तावेज का सर्वाधिक नया संस्करण बैक्सटर की इंट्रानेट वेबसाइट के नैतिकता एवं अनुपालन होमपेज पर देखा जा सकता है।

लागू होने वाले कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों, नीतियों, और प्रक्रियाओं का पालन करने में नाकाम रहने वाले बैक्सटर के कर्मचारियों पर अनुशासनिक कार्रवाई करने के साथ ही उन्हें बर्खास्त भी किया जा सकता है।

## केंद्रीय सिद्धांत

**सत्यनिष्ठा और अनुपालन**

बैक्सटर के कर्मचारी सत्यनिष्ठा के साथ और बैक्सटर नीति तथा कानूनी आवश्यकताओं का पालन करते हुए अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए व्यक्तिगत रूप से जवाबदेह हैं।

**खुला संचार**

बैक्सटर नीति या कानूनी आवश्यकताओं के अनुपालन से संबंधित किन्हीं भी मुद्दों पर खुली, ईमानदार और पूरी बहस चलाने को प्रोत्साहित करने के लिए बैक्सटर के कर्मचारी जिम्मेदार हैं।

**प्रश्न उठाना**

बैक्सटर नीति या कानूनी आवश्यकताओं के अनुपालन के बारे में प्रश्न पैदा होने पर इन प्रश्नों को उठाने और उनका समाधान करने के लिए बैक्सटर के कर्मचारी जिम्मेदार हैं।

**नियम-उल्लंघन की सूचना देना**

बैक्सटर नीति या कानूनी आवश्यकताओं के उल्लंघनों की ओर ध्यान जाने पर बैक्सटर के कर्मचारियों को प्रबंधन, कानून विभाग, वित्त, मानव संसाधन, या नैतिकता एवं अनुपालन हेल्पलाइन को रिपोर्ट करनी चाहिए।

**सहयोग**

बैक्सटर के कर्मचारियों के लिए किन्हीं भी लेखा–परीक्षण, नियम अनुपालनों के मूल्यांकन, या आंतरिक जांच–पड़ताल में सत्यता, सटीकता, और पूरी जानकारी के साथ पूर्ण सहयोग करना आवश्यक है।

**प्रतिशोधात्मक कार्य न करना**

बैक्सटर के कर्मचारी बैक्सटर नीति या कानूनी आवश्यकताओं के अनुपालन के बारे में अच्छी नीयत से उठाए गए किसी सरोकार के लिए किसी भी व्यक्ति को दंडित नहीं कर सकते या उससे प्रतिशोध नहीं ले सकते।

# रोजगार संबंधी कार्यव्यवहार

बैक्सटर की बेहद कार्यकुशल, प्रोत्साहित, और विविधतापूर्ण कार्यशक्ति इसकी सबसे बड़ी शक्ति है। बैक्सटर के कर्मचारियों को एक–दूसरे के साथ, कम से कम, शिष्टतापूर्ण और सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए।

**विविधतापूर्ण और भेदभाव-रहित**

बैक्सटर को बेहद कार्यकुशल और प्रोत्साहित कर्मचारियों की तलाश रहती है और वह उन्हें बनाए रखता है, चाहे उनका कोई भी लिंग, आयु, नस्ल, राष्ट्रीय मूल, या यौन वरीयता हो। बैक्सटर भेदभाव को बर्दास्त नहीं करेगा।

**उत्पीड़न**

बैक्सटर एक सुरक्षित कार्यस्थल प्रदान करता है। बैक्सटर किसी भी मौखिक या शारीरिक उत्पीड़न अथवा धमकी बर्दाश्त नहीं करेगा।

**नशीली दवाएं और अल्कोहल**

बैक्सटर के कर्मचारी बैक्सटर की संपत्ति के अंदर अवैध दवाओं का इस्तेमाल, बिक्री नहीं कर सकते या अपने पास नहीं रख सकते या वे अल्कोहल अथवा अवैध दवाओं के प्रभाव में अपना कार्य नहीं कर सकते हैं। कार्यस्थल नशीली दवाओं से मुक्त हो यह सुनिश्चित करने हेतु बैक्सटर को नशीली दवाओं के लिए कर्मचारियों का परीक्षण करने की आवश्यकता हो सकती है।

**भर्ती करने की न्यूनतम आयु**

अधिकांश मामलों में, नियमित पूर्णकालिक कर्मचारियों की आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। बैक्सटर बलपूर्वक या अनुबंधित बालश्रम का इस्तेमाल करके उत्पादों का विनिर्माण या वितरण नहीं करता।

इन मानकों में से किसी का भी उल्लंघन होने पर कर्मचारी के सुपरवाइजर, मानव संसाधन या कानून विभाग के प्रतिनिधि, नैतिकता एवं अनुपालन विभाग या किसी प्रबंधक को सूचना देनी चाहिए।

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

- कर्मचारियो के आपसी संबंध
- रोजगार के समान अवसर
- औषधि एवं अल्कोहल परीक्षण संबंधी स्थानीय नीतियां
- कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीड़न का निषेध
- भर्ती करने की न्यूनतम आयु/बाल मजदूरी

**संसाधन**

- कॉरपोरेट नीतियां इंट्रानेट वेबसाइट
- मानव संसाधन नीतियां इंट्रानेट वेबसाइट
- BaxHR4U@baxter.com पर बैक्सटर एचआर केंद्र या अमेरिका और प्यूर्टो रिको में 1-877-BaxHR4U (1-877-229-4748) पर फोन करें।

**संपर्क सूत्र**

- मानव संसाधन विभाग
- कानून विभाग
- नैतिकता एवं अनुपालन विभाग

# प्रश्नोत्तर

मेरा सहकर्मी मेरे सहयोगी के नस्ल और यौन पसंदगी का मजाक उड़ाता है। क्या यह ठीक है?

नहीं, यह आचरण हमारे मानकों और बैक्सटर की नेतृत्वकारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं है। अपने प्रबंधक या मानव संसाधन प्रतिनिधि से इस स्थिति में सुधार लाने को कहें।

मेरे शिफ्ट सुपरवाइजर ने दोपहर के भोजन पर कुछ बोतल बीयर पी। क्या समस्या है?

अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों का सेवन करना अच्छा निर्णय लेने में बाधा डालता है और कार्यस्थल में सुरक्षा संबंधी संभावित जोखिम पैदा करता है। कर्मचारियों को कार्यस्थल में अल्कोहल का सेवन नहीं करना चाहिए, बशर्ते कि स्पष्ट रूप से इसकी अनुमति न दी जाए।

# Baxter (बैक्सटर) की परिसंपत्तियां और संपत्ति

बैक्सटर के कर्मचारियों को बैक्सटर की भौतिक और बौद्धिक संपत्ति तथा वित्तीय परिसंपत्तियों की रक्षा, संरक्षण, और सुरक्षा करनी चाहिए।

**बौद्धिक संपत्ति और गोपनीय जानकारी**
बौद्धिक संपत्ति और गोपनीय जानकारी बैक्सटर की मूल्यवान परिसंपत्तियां हैं, और कर्मचारियों के लिए इनके मूल्य को श्रेष्ठ बनाने और/या इन परिसंपत्तियों की गुप्तता बनाए रखने के लिए सभी उपयुक्त कदम उठाने चाहिए।

उदाहरण के लिए, कर्मचारियों को उन नवोन्मेषों की जिनके लिए बैक्सटर रोगी सुरक्षा तलाशता है या तलाश रहा है, व्यापार या सेवा अंकों के इस्तेमाल के संदर्भ में कंपनी की योजनाओं की, और कॉपीराइट सुरक्षित सामग्री से संबंधित किन्हीं भी रणनीतियों की गुप्तता अवश्य बनाए रखनी चाहिए। बैक्सटर के अधिकारों को संरक्षित रखने के लिए, व्यापार गुप्तताओं की बेहद सावधानीपूर्वक और सख्ती के साथ हिफाजत और सुरक्षा की जानी चाहिए।

गोपनीय जानकारी को बैक्सटर के बाहर कानून विभाग द्वारा अनुमोदित गोपनीयता समझौते के बिना साझा नहीं किया जाना चाहिए। बैक्सटर को छोड़ देने के बाद भी गोपनीयता संबंधी बाध्यताएं जारी रहेंगी।

बैक्सटर की वित्तीय जानकारी गोपनीय है और इसे अधिकरण के बिना कंपनी से बाहर साझा नहीं किया जाना चाहिए।

बैक्सटर की गोपनीय जानकारी को किसी भी रूप में बिना अधिकार बैक्सटर के बाहर प्रकट करने, चाहे जानबूझकर किया हो या अनजाने में, की सूचना कानून विभाग को तुरंत दी जानी चाहिए।

**उत्पाद**
आपको अपने विभाग की आवश्यकताओं के अनुसार उत्पादों की सुरक्षा, भंडारण, और परिगमन करना चाहिए।

**भौतिक संपत्ति और वस्तु-विवरण सूची**
सुविधाओं और उपकरणों को अच्छी तरह बनाए रखा जाना चाहिए और चोरी तथा दुरुपयोग से उपयुक्त ढंग से सुरक्षित रखा जाना चाहिए। बैक्सटर की संपत्ति का इस्तेमाल सिर्फ कंपनी के व्यवसाय के लिए किया जाए, बशर्ते कि उपयुक्त स्तर के प्रबंधन द्वारा अनुमोदित न किया गया हो।

**सचल उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, इंटरनेट और ई-मेल का इस्तेमाल**
ये हमारे व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण उपकरण हैं। इन उपकरणों की सुरक्षा के लिए बैक्सटर के कर्मचारियों को सावधानी बरतनी चाहिए।

गोपनीय व्यावसायिक जानकारी और लैपटॉप कंप्यूटरों, बाह्य ड्राइवों, डिस्कों जैसे सचल उपकरणों, और निम्न जैसी चीजों को सुरक्षित रखने पर विशेष ध्यान दें :

- *इंक्रिप्ट या पासवर्ड सुरक्षित डेटा;*
- *यात्रा करते समय सचल उपकरणों को अपने साथ रखें या इन्हें लॉक कर दें;*
- *बैक्सटर की गोपनीय जानकारी और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की सुरक्षा करें;*
- *स्थानीय डेटा–सुरक्षा कानूनों का पालन करें;*
- *इन उपकरणों का इस्तेमाल मुख्यतः व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए करें; सिर्फ कभी बेहद आवश्यक होने पर ही इनके व्यक्तिगत इस्तेमाल की अनुमति है; और*
- *बैक्सटर की इलेक्ट्रॉनिक मीडिया इस्तेमाल नीति के अनुसार ही इन उपकरणों का इस्तेमाल करें।*

बैक्सटर लागू होने योग्य कानूनों के अनुसार ही इलेक्ट्रॉनिक संचार की निगरानी करता है।

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

- वित्तीय नीतियों और प्रक्रियाओं की पुस्तिका
- प्राधिकरण के स्तर
- व्यय रिपोर्ट संबंधी धोखाधड़ी, दुरुपयोग, और दुर्व्यवहार
- इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के इस्तेमाल की नीति
- खो गए या चोरी हो गए डेटा या उपकरण की रिपोर्ट करने के लिए सूचित करने की प्रक्रिया

**संसाधन**

- कॉरपोरेट नीतियां इंट्रानेट वेबसाइट
- बौद्धिक संपत्ति इंट्रानेट वेबसाइट
- कानून विभाग इंट्रानेट वेबसाइट
- कॉरपोरेट वित्त इंट्रानेट वेबसाइट
- कॉरपोरेट हिफाजत और सुरक्षा इंट्रानेट वेबसाइट
- बैक्सटर की इंट्रानेट वेबसाइट पर सुरक्षा समझौता टेम्पलेट्स

**संपर्क**

- कानून विभाग
- कॉरपोरेट सुरक्षा
- नैतिकता एवं अनुपालन विभाग
- आईटी वैश्विक सहायता डेस्क सेवाऐ

## प्रश्नोत्तर

मुझे अपने एक भूतपूर्व सहकर्मी, जो अब हमारे प्रतिस्पर्द्धी के लिए काम करता है, पर संदेह है कि उसने बैक्सटर के विपणन डेटा को अपने नए नियोक्ता के साथ साझा किया है। क्या मुझे कोई कार्रवाई, यदि कोई हों, करनी चाहिए?

यदि आप बैक्सटर की बौद्धिक संपदा या गोपनीय डेटा का दुरुपयोग या अनुचित रूप से प्रकट करने वाले किसी व्यक्ति को जानते हं, या आपके पास यह मानने का अच्छा तर्क है कि ऐसा हो रहा है, तो अपने अवलोकनों के बारे में कानून विभाग के किसी प्रतिनिधि को तुरंत सूचित करें।

मेरा लैपटॉप, जिसमें बैक्सटर की व्यवसायिक जानकारी है, खो गया है। मुझे क्या करना चाहिए?

तत्काल अपने सुपरवाइज़र, आईटी वैश्विक सहायता डेस्क सेवाएं, सुरक्षा, या नैतिकता एवं अनुपालन हेल्पलाइन को सूचित करें।

# सटीक व्यावसायिक रिकॉर्ड्स

बैक्सटर का व्यवसाय अत्यधिक नियंत्रित है। बैक्सटर के भीतर और बाहर अनेक स्टेकहोल्डर हमारे व्यावसायिक रिकॉर्डों की सत्यनिष्ठा पर यकीन रखते हैं। गलत रिकॉर्ड कंपनी को कानूनी खतरे में डाल सकते हैं और हमारी प्रतिस्पर्द्धी बढ़त को जोखिम में डाल सकते हैं।

बैक्सटर के कर्मचारियों के लिए जानकारी को पठनीय ढंग से बैक्सटर की आवश्यकताओं के अनुसार और सही ढंग से तथा पूरी तरह रिकॉर्ड करना चाहिए। मूल डेटा (किसी मौलिक अवलोकन और गतिविधि का परिणाम) को ठीक उसी प्रकार दर्ज किया जाना चाहिए जैसे यह पहले था और इसमें किसी भी प्रकार से फेर–बदल (निर्दिष्ट तथ्यों के अतिरिक्त कुछ शामिल करना), अटकलबाजी, या बदलाव नहीं किए जा सकते। निम्नलिखित रिकॉर्डों, चाहे कागजात हों या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड, के साथ विशेष सावधानी बरतनी चाहिए :

- *वित्तीय वक्तव्यों, अकाउंटिग की प्रविष्टियों, और समर्थनकारी विस्तृत जानकारी सहित, वित्तीय रिकॉर्ड;*
- *उत्पादन के डेटा, गुणवत्ता रिकॉर्ड, और शोध परीक्षण परिणामों सहित, विनिर्माण तथा शोध के रिकॉर्ड;*
- *सरकारी एजेंसियों को दिए गए या इनके द्वारा मांगे गए रिकॉर्ड; और*
- *समय के रिकॉर्ड और व्यावसायिक खर्चों सहित व्यवसाय से संबंधित अन्य रिकॉर्ड।*

**रिकॉर्डों का प्रबंधन**

हमारे व्यवसाय को चलाने के लिए रिकॉर्डों को संरक्षित करना आवश्यक है। आवश्यक नहीं रहे रिकॉर्डों को समय–समय हटाना हमारे प्रचालन में सुधार लाता है।

रिकॉर्डों के उपयुक्त प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए, बैक्सटर के प्रत्येक कर्मचारी को यह करना चाहिए :

- *लागू होने वाली रिकॉर्ड प्रबंधन नीति या उनके व्यवसाय, क्षेत्र, अथवा कार्यप्रणाली के लिए गुणवत्ता प्रणाली के अनुसार रिकॉर्डों को कायम रखना;*
- *अनावश्यक रिकॉर्डों को न तो सृजित किया जा रहा है और न ही कायम रखा जा रहा है इसे सुनिश्चित करने हेतु व्यक्ति के नियंत्रण में मौजूद दस्तावेजों की कम से कम सालाना समीक्षा की जानी चाहिए; और*
- *लंबित या अनुमानित कानूनी मुकदमे से संबंधित और सरकारी लेखा–परीक्षणों या जांच–पड़तालों से संबंधित सभी दस्तावेजों का संरक्षण किया जाना चाहिए।*

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

- **वित्तीय नीतियों और प्रक्रियाओं की पुस्तिका**
- **अकाउंटिंग वर्गीकरण पुस्तिका और प्राधिकरण नीति 0101**
- **आपकी लागू होने योग्य रिकॉर्ड प्रबंधन नीति की एक प्रति पाने या यू.एस. रिकॉर्ड प्रबंधन नीति की समीक्षा करने के लिए अपनी व्यावसायिक इकाई या कार्यप्रणाली प्रतिनिधियों से कहें।**

**संसाधन**

- **कॉरपोरेट नीतियां इंट्रानेट वेबसाइट**
- **कॉरपोरेट वित्त इंट्रानेट वेबसाइट**
- **कानून विभाग इंट्रानेट वेबसाइट**

**संपर्क**

- **व्यावसायिक इकाई वित्त प्रतिनिधि**
- **कानून विभाग**
- **नैतिकता एवं अनुपालन विभाग**

**जांच-सूची**

- ✓ *मूल डेटा का प्रस्तुतिकरण 100: सटीक है।*
- ✓ *जांच लें कि जानकारी सर्व–समावेशी और संपूर्ण है।*
- ✓ *दस्तावेजबद्ध करने में लागू होने वाली नीति, प्रक्रिया, विनियम, या कानूनी आवश्यकताओं का पालन होता है।*

# प्रश्नोत्तर

मुझे चिंता है कि मेरे क्षेत्र की त्रैमासिक सेल्स रिपोर्ट सटीक नहीं है। मुझे क्या करना चाहिए?

अपने प्रबंधक के साथ खुलकर बात करें। यदि इसके बाद भी आप असंतुष्ट रहते हैं, तो अपने कॉरपोरेट आंतरिक लेखा–परीक्षा प्रतिनिधि या नैतिकता एवं अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

मुझे संदेह है कि मेरा एक समकक्ष गुणवत्ता–नियंत्रण दस्तावेज में गलत रीडिंग दर्ज कर रहा है, लेकिन मेरे पास कोई सबूत नहीं है। क्या मुझे अपने संदेह की सूचना देनी चाहिए?

हां, आपको अपनी चिंता के बारे में तत्काल अपने प्रबंधक को सूचित करना चाहिए। गुणवत्ता रिकॉर्डों का सटीक और संपूर्ण होना बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि गलत रिकॉर्ड हमारे उत्पाद को संकट में डाल सकता है और कंपनी के लिए अनावश्यक समस्याएं पैदा कर सकता है।

# हितों का टकराव

हितों का टकराव तब पैदा हो सकता है जब किसी कर्मचारी के निजी हित बैक्सटर के हितों के प्रति व्यवधान पैदा करते हैं या व्यवधान पैदा करते हुए जान पड़ते हैं। कर्मचारियों को बैक्सटर के लिए वस्तुपरक और प्रभावी ढंग से काम करना चाहिए।

***वित्तीय हितों के टकराव*** तब पैदा हो सकते हैं जब आपका या किसी रिश्तेदार का बैक्सटर के किसी प्रतिस्पर्द्धी, आपूर्तिकर्ता, वितरक, या विक्रेता के साथ निर्देशक मंडल पर किसी नौकरी या पद पर वित्तीय हित हों।

वित्तीय हितों के संभावित टकराव तब हो सकते हैं जब आपका या किसी रिश्तेदार का बैक्सटर से प्रतिस्पर्द्धा करने वाली, व्यवसाय करने वाली या इसके साथ व्यवसाय करने के लिए प्रयासरत किसी कंपनी में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से "उल्लेखनीय वित्तीय निवेश" हो।

"उल्लेखनीय वित्तीय निवेश" तब मौजूद होता है जबकि :

- *कर्मचारी या रिश्तेदार के स्वामित्व में किसी व्यवसाय की असाधारण पूंजी का 1% या उससे अधिक है, और/या*
- *यह निवेश किसी कर्मचारी या रिश्तेदार की कुल परिसंपत्तियों के 5% से अधिक हो।*

***आंतरिक हितों के टकराव*** तब पैदा हो सकते हैं जब आपके विभाग या आपकी प्रबंधन टीम में काम करने वाला कोई व्यक्ति आपका पारिवारिक सदस्य, घरेलू साझीदार, या कोई अन्य निकट संबंधी हो। अपने प्रबंधक से इस संबंध का खुलासा करें ताकि यह निर्धारित हो सके कि कोई टकराव है या नहीं, और इसके बारे में क्या किया जाए।

***समय विषयक हितों के टकराव*** तब पैदा हो सकते हैं जब आप किसी ऐसी दूसरी नौकरी या स्वयं अपने व्यवसाय में व्यस्त हों जो बैक्सटर की आपकी जिम्मेदारियों के साथ टकराव पैदा कर सकते हैं।

***कॉरपोरेट अवसर विषयक हितों के टकराव*** तब पैदा हो सकते हैं जब आप बैक्सटर के जरिए प्राप्त जानकारी के आधार पर व्यक्तिगत अवसरों का लाभ उठाते हैं। कर्मचारी व्यक्तिगत रूप से अपने लिए किन्हीं ऐसे अवसरों का लाभ नहीं उठा सकते जिन्हें बैक्सटर की संपत्ति, जानकारी, या पद के जरिए खोजा गया हो, या प्राप्त किया गया हो। कर्मचारी बैक्सटर के साथ प्रतिस्पर्द्धा नहीं कर सकते, और उनका दायित्व है कि सामान्यतः अवसर पैदा होने पर बैक्सटर के वैधानिक हितों को आगे बढ़ाएं।

इन सभी स्थितियों में, बैक्सटर के कर्मचारियों को प्रबंधन के प्रति किन्हीं भी जान पड़ने वाले या वास्तविक टकरावों को उजागर करना चाहिए। जब बैक्सटर प्रबंधन किसी प्रतीतगत या वास्तविक टकराव का अनुमोदन करता है, तो अनुमोदन का निर्णय दस्तावेजबद्ध होना चाहिए।

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

- हितों का टकराव
- रिश्तेदारों को रोजगार संबंधी नीति

**संसाधन**

- कॉरपोरेट नीतियां इंट्रानेट वेबसाइट
- नैतिकता एवं अनुपालन इंट्रानेट वेबसाइट पर हितों के टकराव से संबंधित जानकारी और प्रकटीकरण की प्रक्रिया

**संपर्क**

- आपका प्रबंधक
- मानव संसाधन
- कानून विभाग
- नैतिकता एवं अनुपालन विभाग

**जांच-सूची**

✓ **क्या आपके या किसी पारिवारिक सदस्य के वित्तीय हित बैक्सटर के साथ व्यवसाय कर रहे या इसके लिए प्रयासरत किसी आपूर्तिकर्ता, परामर्शदाता, वितरक या तृतीय पक्ष के लिए काम करने से जुड़े हैं, या क्या इसके स्वामी या प्रचालनकर्ता हैं?**

✓ **क्या ऐसा अन्य कोई व्यक्ति है जिसके साथ आपका करीबी संबंध हो और वह बैक्सटर के साथ व्यवसाय कर रहे या इसके लिए प्रयासरत किसी आपूर्तिकर्ता, परामर्शदाता, वितरक या तृतीय पक्ष के लिए काम करता हो?**

✓ **क्या बैक्सटर के किसी प्रतिस्पर्द्धी के लिए काम करने में आपकी या किसी पारिवारिक सदस्य की उल्लेखनीय वित्तीय दिलचस्पी है?**

**यदि आप उपरोक्त में से किसी भी प्रश्न का जवाब हां में देते हैं, तो आपके हितों के टकराव होने की संभावना है जिसका खुलासा किया जाना चाहिए, जिसके बारे में अपने प्रबंधक से चर्चा करनी चाहिए, और इसे उचित ढंग से दस्तावेजबद्ध किया जाना चाहिए।**

## प्रश्नोत्तर

मेरे प्रबंधक का चचेरा भाई/बहन हमारा मानव संसाधन प्रबंधक है। मुझे क्या करना चाहिए?

अपने प्रबंधक के सुपरवाइज़र या नैतिकता एवं अनुपालन विभाग को सूचित करें। वे निर्धारित करेंगे कि आवश्यक प्रकटीकरण और अनुमति मौजूद है या नहीं।

# डेटा गोपनीयता

बैक्सटर अपने ग्राहकों, रोगियों, और कर्मचारियों की व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता का सम्मान करता है।

***बैक्सटर के सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यक्तिगत जानकारी के उदाहरण हैं :***

- *सामाजिक सुरक्षा या राष्ट्रीय पहचान संख्या(एं)*
- *मार्केटिंग संबंधी जानकारी*
- *रोगी संबंधी जानकारी*
- *नैदानिक परीक्षण संबंधी जानकारी*
- *कर्मचारी संबंधी जानकारी*
- *प्रतिकूल प्रभाव संबंधी जानकारी*
- *हमारे ग्राहकों, रोगियों, और कर्मचारियों से संबंधित अन्य संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी*

***व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए, बैक्सटर के कर्मचारियों के लिए निम्न आवश्यक हैं :***

- *जिस क्षेत्र में वे काम करते हैं वहां की व्यक्तिगत जानकारी से परिचित होना;*
- *व्यक्तिगत जानकारी के इस्तेमाल के बारे में कानूनी और अनुबंध संबंधी सीमाओं को समझना;*
- *लागू होने योग्य सभी डेटा गोपनीयता कानूनों और विनियमों के अनुसार व्यक्तिगत जानकारी का संग्रहण, इस्तेमाल और प्रकटीकरण करना;*
- *अन्य कर्मचारियों के साथ व्यक्तिगत जानकारी को सिर्फ तभी साझा करना जब उनके काम करने के लिए यह आवश्यक हो;*
- *व्यक्तिगत जानकारी को बाहर साझा नहीं करें बशर्ते कि कानून विभाग द्वारा इसके लिए अनुमोदित न किया हो;*
- *व्यक्तिगत जानकारी का उचित ढंग से भंडारण करना या लाना–ले जाना (जैसे इंक्रिप्ट, पासवर्ड सुरक्षित, लॉक किए गए क्षेत्र में सुरक्षित रखना आदि); और*
- *व्यक्तिगत जानकारी का अनधिकृत इस्तेमाल करने, प्रकटीकरण करने या खो जाने की सूचना तुरंत अपने सुपरवाइजर, आईटी वैश्विक सहायता डेस्क सेवाएं, सुरक्षा, या नैतिकता एवं अनुपालन हेल्पलाइन को दें।*

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

- **बैक्सटर के वैश्विक निजता सिद्धांत**
- **खो गए या चोरी हो गए डेटा या उपकरण की रिपोर्ट करने के लिए सूचित करने की प्रक्रिया**

**संसाधन**

- **बैक्सटर की वैश्विक निजता इंट्रानेट वेबसाइट**
- **कॉरपोरेट हिफाजत एवं सुरक्षा इंट्रानेट वेबसाइट**

**संपर्क**

- **कानून विभाग**
- **नैतिकता एवं अनुपालन विभाग**
- **आईटी वैश्विक सहायता डेस्क सेवाएं,**

**निर्णय पुस्तिका**

**व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करने या जारी करने से पहले, निम्नलिखित पर विचार करें :**

- **जिस जानकारी का मैं इस्तेमाल या प्रकटीकरण करना चाहता हूं, क्या उसे व्यक्तिगत जानकारी माना जाता है?**
- **यदि ऐसा है, तो क्या बैक्सटर की आंतरिक नीतियां, बाह्य कानून, या व्यावसायिक अनुबंध इस जानकारी के इस्तेमाल या प्रकटीकरण को प्रतिबंधित करते हैं?**
- **क्या इस जानकारी का अनुरोध करने वाले व्यक्ति या निकाय को बैक्सटर हेतु अपना कार्य करने के लिए इसकी आवश्यकता है?**
- **क्या व्यक्तिगत जानकारी खोई, चोरी हुई, या अनधिकृत ढंग से अन्यथा इस्तेमाल की गई है?**

# प्रश्नोत्तर

जब व्यक्तिगत डेटी चोरी हो जाए, खो जाए, या अनधिकृत ढंग से उजागर हो जाए तो मुझे क्या कदम उठाने चाहिए?

इस बारे में तुरंत अपने सुपरवाइज़र और नैतिकता एवं अनुपालन विभाग को सूचित करें। इसके अतिरिक्त, लैपटॉपों के खो जाने या चोरी हो जाने की सूचना आईटी वैश्विक सहायता डेस्क सेवाएं, सुरक्षा, या नैतिकता एवं अनुपालन हेल्पलाइन को दें।

व्यक्तिगत जानकारी के संग्रहण या प्रकटीकरण के विषय में मैं एक नई प्रक्रिया शुरू कर रहा हूं। क्या मुझे अनुमोदन प्राप्त करने के लिए कानून विभाग से संपर्क करना चाहिए?

हां, अनेक देशों में डेटा गोपनीयता कानून व्यक्तिगत जानकारी के संग्रहण या प्रकटीकरण के लिए विशिष्ट नियम प्रदान करते हैं जिनका हमें पालन करने की आवश्यकता होती है। इन कानूनों का उल्लंघन करना आपकी, और बैक्सटर की कानूनी जवाबदेही के लिए खतरा पैदा कर सकता है।

# कर्मचारी उपहार एवं मनोरंजन

अनेक संस्कृतियों में, शालीनतापूर्ण उपहार और मनोरंजन जैसी शिष्ट भेंटों का आदान–प्रदान करना व्यवसाय करने का एक अभिन्न अंग है। लेकिन, अनुचित उपहार और मनोरंजन प्रदान करना या स्वीकार करना बैक्सटर के व्यवसाय और प्रतिष्ठा के लिए नुकसानदेह हो सकता है और यह गैर–कानूनी भी हो सकता है।

**आप क्या स्वीकार कर सकते हैं**

उपहार या मनोरंजन प्राप्त करने का संबंध बैक्सटर के व्यवसाय से होना चाहिए। सामान्यतः, शालीन उपहार, मनोरंजन, या अन्य व्यावसायिक शिष्ट भेंट स्वीकार्य हैं बशर्ते कि उपहार या मनोरंजन व्यावसायिक, राजनीतिक, या सामुदायिक संबंधों को सुधारने में सहायक हो। बैक्सटर के कर्मचारी शालीन आहार, मनोरंजन, या छोटे–मोटे उपहार स्वीकार कर सकते हैं, बशर्ते कि ये खरीदारी या अनुबंध संबंधी निर्णय प्रक्रिया के दौरान खरीदारी के समझौते (प्रकट या अप्रकट) के साथ नहीं दिए गए हों।

कुछ स्थितियों में, स्थानीय परंपरा का पालन करने के लिए बैक्सटर के कर्मचारी अधिक मूल्य के कॉरपोरेट उपहार स्वीकार कर सकते हैं; यह स्वीकार्य है बशर्ते कि उचित अकाउंटिंग और व्यवस्थापन के लिए यह उपहार बैक्सटर की संपत्ति बन जाए।

**आप क्या स्वीकार नहीं कर सकते हैं**

- *आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों में उनके खर्च पर मौज–मस्ती के लिए खर्चीले सैर–सपाटे, यात्रा भुगतान, या ठहरना;*
- *खेल–कूद कार्यक्रमों या कलात्मक प्रदर्शनों के टिकट जहां देने वाला व्यक्ति उपस्थित न रहने वाला हो;*
- *किसी व्यावसायिक निकाय द्वारा प्रायोजित "पुरस्कार"; और*
- *ऐसे मूल्य वाले उपहार जिनके समान मूल्य का प्रतिदान देने में आप सक्षम न हों।*

इसके अतिरिक्त, बैक्सटर के कर्मचारियों को उपहारों के लिए आग्रह करने या आपूर्तिकर्ता. ओं अथवा अन्य व्यावसायिक सहयोगियों से कल्याणकारी उद्देश्यों का समर्थन करने के लिए कहने की अनुमति नहीं है।

## निर्णय पुस्तिका

**जब सरकारी कर्मचारी जैसे कि डॉक्टर, क्लीनिशियन, अधिप्राप्ति विशेषज्ञ, आदि शामिल हों, तो उपहार और मनोरंजन से जुड़ी किसी गतिविधि में संलग्न होने से पहले हमेशा कानूनी परामर्शदाता से परामर्श करें।**

**अन्य सभी के लिए, सामान्यतः शालीन उपहार, मनोरंजन, या अन्य व्यावसायिक शिष्ट भेंटों का आदान-प्रदान करने की अनुमति है, बशर्ते :**

- **लागू होने वाली कानूनी आवश्यकताओं, विनियमों, और उद्योग के मानकों के तहत इसकी अनुमति हो;**
- **उपहार या मनोरंजन का कारण उपयुक्त हो;**
- **व्यावसायिक, राजनीतिक, या सामुदायिक संबंधों में न्यायसंगत रूप से सुधार लाने में सहायक हो;**
- **आप समान मूल्य का प्रतिदान देने के लिए अधिकृत हों;**
- **आप उस समय खरीदारी का निर्णय लेने या अधिप्राप्ति प्रक्रिया में संलग्न नहीं हों;**
- **बैक्सटर के सर्वोत्तम हित में काम करने की आपकी योग्यता खतरे में न पड़े; और**
- **आपको रिश्वत या व्यावसायिक काम करवाने के एवज में घूस देने या लेने वाला व्यक्ति न समझा जाए।**

## प्रश्नोत्तर

एक आपूर्तिकर्ता ने मुझे एक स्थानीय खेल कार्यक्रम की चार टिकटें पेश कीं जिनका इस्तेमाल वे नहीं कर सकते हैं। क्या मुझे यह स्वीकार करना चाहिए?

नहीं। आपूर्तिकर्ता के बिना कार्यक्रम में भाग लेने पर न्यायसंगत व्यावसायिक संबंध निर्मित करने का अवसर नहीं मिलता है।

क्या मैं विक्रेता के साथ भाग ले सकता हूं?

आप सिर्फ तभी भाग ले सकते हैं जबकि टिकट का मूल्य शालीन हो, ऐसा न्यायसंगत व्यावसायिक संबंध हो जिसकी चर्चा की जाएगी, और विक्रेता इस समय किसी प्रस्ताव के लिए अनुरोध न कर रहा हो। अपने व्यवसाय की उपहार एवं मनोरंजन नीति देखें जिसे अधिक अवरोधकारी होने की स्थिति में प्राथमिकता दी जाएगी।

**आप क्या दे सकते हैं**

हमारे उद्योग में, कुछ खास नियम डॉक्टरों, अस्पताल के कर्मचारियों, व्यावसायिक साझीदारों और सरकारी अधिकारियों को उपहार या अन्य कोई भी मूल्यवान वस्तु – उदाहरण के लिए, आहार, मनोरंजन, और मुत उत्पाद – देने की हमारी क्षमता को प्रशासित करते हैं। इन सभी गतिविधियों का नियंत्रण इस संहिता के "हमारे ग्राहक" खंड में दिए गए *स्वास्थ्यचर्या पेशेवरकर्मियों के साथ संबंध के मानक और भ्रष्ट कार्यव्यवहारों की मनाही* के मानक द्वारा किया जाता है।

***यदि आप युनाइटेड स्टेट्स में किसी स्वास्थ्यचर्या पेशेवरकर्मी को कोई उपहार देते हैं, तो :***

*आपको स्वास्थ्यचर्या संबंधी धोखाधड़ी और दुर्व्यवहार नीति और प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए।*

***यदि आप युनाइटेड स्टेट्स से बाहर किसी स्वास्थ्यचर्या पेशेवरकर्मी को कोई उपहार देते हैं, तो :***

स्वास्थ्यचर्या कर्मचारी जिस देश में रहते हैं या चिकित्सकीय अभ्यास करते हैं, आपको उस क्षेत्र और देश की उपहार, अनुदान, और वित्तीय खर्च को प्रशासित करने वाली नीतियों का पालन करना चाहिए।

***अन्य गैर–सरकारी व्यावसायिक सहयोगियों के साथ उपहारों और मनोरंजन का आदान–प्रदान करते समय, बैक्सटर के कर्मचारियों को यह करना चाहिए :***

- *स्थानीय कानूनों, विनियमों, या व्यावसायिक इकाई या क्षेत्र की अधिक सख्त नीतियों का पालन करना चाहिए;*
- *सुनिश्चित करें कि उपहार सुरुचिपूर्ण हों;*
- *सुनिश्चित करें कि उपहार न्यायसंगत और अपेक्षित मूल्य के हों;*
- *प्राप्तकर्ता निकाय की उपहार नीति का अनुसरण करें;*
- *नकद, गिट कार्ड, या नकद समतुल्यों का आदान–प्रदान न करें;*
- *रिश्वत या व्यावसायिक काम करने के एवज में घूस देने या लेने वाली छवि न बनें;*
- *शर्मिन्दगी न उठाएं; ऐसे कार्य करें मानो लोग आदान–प्रदान को देख सकते हों; और*
- *बैक्सटर के सर्वोत्तम हित में निर्णय लेने की योग्यता या योग्य होने के दिखावे को खतरे में डालने से बचें।*

# प्रश्नोत्तर

एक औद्योगिक बैठक में भाग लेने के बाद, मुझे सूचना दी गई कि मैंने एक प्रोफेशनल डिजिटल कैमरा सिस्टम जीत लिया है। क्या मैं इसे रख सकता हूं?

नहीं। बैक्सटर लॉटरी ड्रॉ में भागीदारी को हतोत्साहित करता है, क्योंकि खरीदारी के निर्णय को प्रभावित करने या स्थिति को अपने पक्ष में करने कोशिश में "विजेताओं" को अक्सर प्रायोजक द्वारा व्यक्तिगत रूप से चुना जाता है। कार्यक्रमों के जरिए प्राप्त किए गए कोई भी पुरस्कार जिन्हें बैक्सटर के लिए दिया या खर्च किया गया हो, वे बैक्सटर की संपत्ति हैं।

एक संभावित विक्रेता ने चयन टीम के प्रत्येक सदस्य को एक एमपी3 प्लेयर सहित एक गिफ्ट बैग दिया है। क्या हमें इसे स्वीकार करना चाहिए।

नहीं। खरीदारी के निर्णय या अधिप्राप्ति प्रक्रिया में संलग्न रहते हुए आप कोई भी उपहार स्वीकार नहीं कर सकते हैं।

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

- इस दस्तावेज में स्थित स्वास्थ्यचर्या पेशेवरकर्मियों के साथ संबंध और भ्रष्ट कार्यव्यवहारों की मनाही के मानक
- बैक्सटर भ्रष्टाचार निवारण नीति
- उपहार और मनोरंजन
- मांग करने संबंधी कोई भी नीति नहीं है
- यू.एस. सरकार के बिक्री नैतिकता मानक
- विश्वव्यापी यात्र और मनोरंजन खर्च नीति
- स्थानीय यात्रा और खर्च नीति

**संसाधन**

- नैतिकता एवं अनुपालन इंट्रानेट वेबसाइट पर हितों के टकराव की जानकारी प्रकटीकरण प्रक्रिया
- यू.एस. सरकार की बिक्री इंट्रानेट वेबसाइट
- कॉरपोरेट नीतियां इंट्रानेट वेबसाइट
- वैश्विक नागरिक इंट्रानेट वेबसाइट
- वैश्विक खरीदारी और आपूर्तिकर्ता प्रबंधन इंट्रानेट वेबसाइट

**संपर्क**

- कानून विभाग
- वित्त प्रतिनिधि
- नैतिकता एवं अनुपालन विभाग
- सामुदायिक संबंध विभाग
- वैश्विक खरीदारी का उपाध्यक्ष

# हमारे उत्पाद

बैक्सटर को अपने पथ–प्रदर्शक उत्पादों के इतिहास के लिए जाना जाता है। नवोन्मेष अब भी हमारी भावी सफलता की कुंजी है। बैक्सटर ने शोध एवं विकास (आरएंडडी) में अपने निवेश को कंपनी के इतिहास के उच्चतम स्तरों तक बढ़ाया है और इसकी योजना आरएंडडी के खर्च को बढ़ाना जारी रखने की है। आरएंडडी को दिया गया हमारा और अधिक धन अन्वेषणात्मक और साथ ही आरंभिक–चरण की पहलकदमियों में लगाया जाएगा, जो भविष्य में नए महत्वपूर्ण उत्पादों को खोज सकते हैं।

अपने संपूर्ण व्यवसाय में, रोगियों की देखभाल की उन्नति को जारी रखने के लिए बैक्सटर के पास अनेक पहलकदमियों की योजनाएं तैयार हैं। कार्डियोवास्कुलर और हृदय से दूर स्थित धमनियों के रोगों से लड़ने के लिए वयस्क स्टेम–कोशिका थेरेपियों में, हीमोफिलिया और प्राथमिक प्रतिरोधक क्षमता में कमी के लिए उन्नत थेरेपियों को विकसित करने में संलग्न है, और अल्जाइमर्स रोग के संभावित उपचार के लिए शोध करने में संलग्न है। हम औषधि देने वाली बेहतर प्रौद्योगिकियों, ऊतकों का पुनरुत्पादन, और गुर्दे रोग वाले रोगियों का उपचार करने के लिए अगली पीढ़ी के गृह–आधारित उत्पादों में नवोन्मेष करना जारी रखे हुए हैं।

आरएंडडी के साथ ही विश्व–स्तरीय विनिर्माण सुविधाओं के वैश्विक नेटवर्क के प्रति भी बैक्सटर वचनबद्ध है। स्थानीय और क्षेत्रीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हम 26 देशों में संयंत्रों का प्रचालन करते हैं।

बैक्सटर के सभी संयंत्रों का निर्माण गुणवत्ता और सुरक्षा को आधार बनाकर किया गया है, और इनमें से प्रत्येक निरंतर सुधार, पर्यावरणीय जिम्मेदारी, और प्रचालनात्मक उत्कृष्टता के प्रति वचनबद्ध है।

आरएंडडी और विनिर्माण दोनों में ही, ब्योरों पर ध्यान जमाए रहना यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण होता है कि हमारे शोध–कार्य नैदानिक प्रोटोकॉलों का पालन करते हैं, और हमारे उत्पाद उच्चतम गुणवत्ता वाले हैं। ब्योरों पर ध्यान देने का काम नैतिकता एवं

अनुपालन के मामलों तक विस्तारित हो जाता है, जिसमें जैवचिकित्सा–शास्त्रीय नैतिक सिद्धांतों को अपनाना, नियामक मार्गदर्शिकाओं का पालन करना, उत्पादन संबंधी डेटा को छांटना, अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की और पर्यावरण की हिफाजत करना, या अपने आपूर्तिकर्ताओं के नैतिक आचरण को सुनिश्चत करना आता है। एक विश्व–स्तरीय संगठन को सुरक्षित करने में ये सभी साथ–साथ चलते हैं।

**सांस्कृतिक मानकों में अलग-अलग स्थानों के अनुसार भिन्नता हो सकती है, लेकिन सैद्धांतिक प्रचालन में अपनी मूल आस्था के प्रति बैक्सटर अडिग है। हम किसी भी बाजार में प्रतिस्पर्द्धा करने के लिए समझौता नहीं करते। यह सत्यनिष्ठा के प्रति हमारी वचनबद्धता है, और यह बैक्सटर के उत्पादों को प्रतिस्पर्द्धी की तुलना में बढ़त देती है।**

**हमारे उत्पाद**


18 *जैवचिकित्सा–शास्त्रीय नैतिकता*

19 *रोगियों की सुरक्षा करना और गुणवत्ता वाले उत्पाद निर्मित करना*

20 *Environment, Health and Safety (पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा)*

21 *आपूर्तिकर्ता*

# जैवचिकित्सा–शास्त्रीय नैतिकता

जैवप्रौद्योगिकी में बैक्सटर की विशेषज्ञता लोगों की जिंदगियां बचाने और बनाए रखने के हमारे मिशन का एक महत्वपूर्ण भाग है। साथ ही बैक्सटर इस बात की भी पहचान करता है कि किसी जैवप्रौद्योगिकी–व्युत्पन्न उत्पाद या थेरेपी का व्यावसायीकरण करने का कोई भी निर्णय लेने से पहले हमें रोगियों और समाज पर इसके जोखिमों और लाभों पर सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए।

बैक्सटर द्वारा या बैक्सटर के निर्देशन में किए जाने वाले शोध कार्यों को निम्नलिखित करना चाहिए :

- *लागू होने वाले कानून, विनियमों, और नैतिकता तथा पेशेवर कार्य संबंधी स्वीकृत मानकों का पालन करना चाहिए;*
- *नैदानिक परीक्षणों में भाग लेने वाले व्यक्तियों के जीवन, स्वास्थ्य, गोपनीयता, और सम्मान की सुरक्षा करनी चाहिए;*
- *अपने शोध कार्य में जंतुओं का यथासंभव सीमा तक न्यूनतम इस्तेमाल करना, और जब कोई अन्य मान्य वैज्ञानिक विकल्प मौजूद न हो तो शोध कार्य में जंतुओं के देखभाल के विचारणीय इस्तेमाल और सर्वोच्च मानकों का समर्थन करना; और*
- *पर्यावरण की सुरक्षा करना और वैश्विक जैव–विविधता तथा वहनीयता को कायम रखना।*

हमारी जैवचिकित्सा–शास्त्रीय नैतिकता नीति बाह्य अनुबंधित शोध संगठनों, परामर्शदाताओं, और तृतीय–पक्ष विक्रेताओं द्वारा बैक्सटर के निर्देशन में किए जाने वाले कार्यों तक लागू होती है।

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

- जैवचिकित्सा–शास्त्रीय नैतिकता
- अध्ययनों के लिए रक्त संग्रहण
- जैवचिकित्सा–शास्त्रीय नैतिकता स्थिति वक्तव्य
- अनुबंध शोध संगठन नीति
- नैदानिक परीक्षण नीति
- बाह्य पूर्व–नैदानिक अध्ययन

**संसाधन**

- Bioethics@Baxter इंट्रानेट वेबसाइट
- कॉरपोरेट नीतियां इंट्रानेट वेबसाइट
- खरीदारी और आपूर्तिकर्ता प्रबंधन इंट्रानेट वेबसाइट
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी इंट्रानेट वेबसाइट

**संपर्क**

- आपकी व्यावसायिक इकाई के आरएंडडी के उपाध्यक्ष या चिकित्सा निर्देशक
- कानून विभाग
- नैतिकता एवं अनुपालन विभाग

## प्रश्नोत्तर

हम एक ऐसे देश में चरण III का नैदानिक अध्ययन संचालित करने पर विचार कर रहे हैं जहां हम उत्पाद नहीं बेचेंगे। क्या यह स्वीकार्य है?

नहीं। नैदानिक परीक्षणों को प्रशासित करने वाले अंतर्राष्ट्रीय मानक ऐसे बाजारों में नैदानिक परीक्षण संचालित किए जाने को हतोत्साहित करते हैं जहां उत्पाद को उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

क्या बैक्सटर की तरफ से शोध कार्य संचालित करने में संलग्न अनुबंधित शोध संगठनों के लिए बैक्सटर की जैवचिकित्सा–शास्त्रीय नीति का अनुपालन करने की आवश्यकता है?

हां। बैक्सटर के निर्देशन में या बैक्सटर की तरफ से किए गए किसी भी शोध कार्य के संचालन में बैक्सटर की जैवचिकित्सा–शास्त्रीय नीति का अनुपालन किया जाना चाहिए।

# रोगियों की सुरक्षा करना और गुणवत्ता वाले उत्पाद निर्मित करना

जीवन को बनाए रखने वाले सुरक्षित और प्रभावी उत्पादों को रोगियों के सुपुर्द करना हमारे कार्य का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। गुणवत्ता वाले उत्पादों को नियमित रूप से बाजारस्थलों तक पहुंचाने की हमारी योग्यता पर ही बैक्सटर की प्रतिष्ठा निर्मित की गई है। हमारे ग्राहकों के विश्वास की हिफाजत करने के लिए, बैक्सटर के प्रत्येक कर्मचारी से गुणवत्ता के प्रति समझौताहीन समर्पण प्रदर्शित करने की अपेक्षा की जाती है।

बैक्सटर के कर्मचारियों से ये अपेक्षाएं की जाती हैं :

- *बैक्सटर कॉरपोरेट गुणवत्ता प्रणाली के अनुरूप गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करना;*
- *उत्पाद गुणवत्ता और गुणवत्ता प्रणाली के चैम्पियनों की तरह कार्य करना;*
- *नियामक प्राधिकारियों के प्रति वचनबद्धताएं पूरी करना;*
- *अपने सुपरवाइज़र और/या उचित गुणवत्ता कर्मचारी के समक्ष गुणवत्ता संबंधी मुद्दों को तुरंत उठाना;*
- *किसी भी स्रोत से मिली उत्पाद संबंधी सभी शिकायतों की रिपोर्ट एक व्यावसायिक दिवस के अंदर उत्पाद निगरानी विभाग को करना;*
- *किसी भी स्रोत से मिली सभी प्रतिकूल घटनाओं की रिपोर्ट एक व्यावसायिक दिवस के अंदर फार्माकोविजिलेंस विभाग को करना; और*
- *अपने विभाग की मानक प्रचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को पूरी तरह समझना, उनमें प्रशिक्षित होना, और उनका पालन करना। एसओपी का उचित ढंग से पालन करने से संबंधित किसी भी दुविधा को अपने प्रबंधक के ध्यान में लाया जाना चाहिए।*

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

- **कॉरपोरेट गुणवत्ता नीति**
- **गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली नीति**

**संसाधन**

- **ग्लोबल पोस्ट मार्केट सर्विलिएंस इंट्रानेट वेबसाइट**
- **वैश्विक गुणवत्ता इंट्रानेट वेबसाइट**
- **नियामक मामले और फार्माकोविजिलेंस इंट्रानेट वेबसाइट**

**संपर्क**

- **गुणवत्ता प्रणाली प्रतिनिधि**
- **कानून विभाग**
- **नैतिकता एवं अनुपालन विभाग**
- **उत्पाद निगरानी उपकरण/हार्डवेयर**
  **फोनः** *1-800-437-5176*
  **फैक्सः** *1-847-270-4022* **या**
  **ई-मेलः** *corporate_product_complaints_round_lake@baxter.com*
- **वैश्विक फार्माकोविजिलेंस औषधि/फार्मास्युटिकल्स**
  **फोनः** *1-847-948-4977*
  **फैक्सः** *1-847-948-3188 or*
  **ई-मेलः** *global_pharmacovigilance_deerfield@baxter.com*

# प्रश्नोत्तर

मुझे चिंता है कि हमारा एक नया कर्मचारी जांच के आवश्यक दौरे पूरे नहीं करता है। मुझे क्या करना चाहिए?

आपको अपनी चिंताओं के विषय में तुरंत अपने सुपरवाइज़र और गुणवत्ता प्रबंधक को बताना चाहिए ताकि स्थिति को उपयुक्त ढंग से संबोधित किया जा सके।

मुझे कुछ संदेहास्पद दिखने वाले परीक्षण डेटा मिले हैं। मेरे सुपरवाइज़र ने कहा कि हम इसे स्थानीय तौर पर संभाल सकते हैं। क्या इस मुद्दे के बारे में किसी अन्य को सूचित करना चाहिए?

हां। इस मुद्दे के बारे में कॉरपोरेट गुणवत्ता अनुपालन विभाग को तुरंत सूचित किया जाना चाहिए।

# पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा (ईएचएस) के क्षेत्र में बैक्सटर विश्व में अग्रणी बनने के लिए वचनबद्ध है। हमारी ईएचएस नीतियां निम्न को ध्यान में रखकर विकसित की गई हैं :

- *कर्मचारियों, पड़ोसियों, और पर्यावरण की सुरक्षा;*
- *सर्वोत्तम–प्रदर्शित प्रबंधन मानकों और प्रणालियों के इस्तेमाल द्वारा, नियामक अनुपालन सहित, ईएचएस मुद्दों का प्रबंधन;*
- *संसाधनों का संरक्षण, लागत घटाना और हमारे उत्पादों, सेवाओं और प्रचालनों से संबंधित हो सकने वाले प्रतिकूल ईएचएस प्रभावों और जोखिमों को न्यूनीकृत करना; और*
- *वहनीय कार्याभ्यासों तथा समुदायों को बढ़ावा देना।*

हमें बैक्सटर और सरकार की लागू होने वाली समस्त ईएचएस आवश्यकताओं को समझना चाहिए और उनका पालन करना चाहिए। हमें ऐसे ढंग से काम करना चाहिए जिससे हमारी व्यक्तिगत सुरक्षा और सहकर्मियों की सुरक्षा का आश्वासन मिलता हो। किन्हीं भी दुर्घटनाओं, आपात स्थितियों, या कानूनी आवश्यकताओं अथवा नीति का जानबूझकर अनुपालन न करने की स्थिति की सूचना तुरंत देनी चाहिए और इस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

- पर्यावरणीय, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नीति
- ईएचएस आवश्यकताएं पुस्तिका

**संसाधन**

- पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा इंट्रानेट वेबसाइट

**संपर्क**

- आपका स्थानीय ईएचएस प्रबंधक
- नैतिकता एवं अनुपालन विभाग

## प्रश्नोत्तर

क्या मुझे काम से जुड़ी एक छोटी–सी चोट लगने की सूचना देनी चाहिए जो मेरे परिसर के दीर्घकालिक सुरक्षा रिकॉर्ड को खराब कर सकती है?

हां। ईएचएस संबंधी प्रस्तुति सत्य सूचना पर आधारित होनी चाहिए। कृपया याद रखें कि उचित होने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता देनी चाहिए।

यदि मेरे लिए एक साप्ताहिक सुरक्षा प्रक्रिया का पालन करना और अपने कार्य को दस्तावेजबद्ध करना आवश्यक है, ऐसे में यदि मुझे भरोसा हो मेरे द्वारा अंतिम पर यह प्रक्रिया किए जाने के बाद से कुछ भी बदलाव नहीं आया है तो क्या मैं एक–दो सप्ताह तक यह प्रक्रिया छोड़ सकता हूं?

नहीं। आवश्यक प्रक्रियाएं वैकल्पिक नहीं होती हैं। यदि किसी प्रक्रिया के संबंध में आपके कोई प्रश्न हों, तो इन्हें अपने प्रबंधक के सामने रखें या प्रक्रिया को संशोधित करने के लिए पद्धति का पालन करें।

क्या मैं पर्यावरण संबंधी एक मूल्यवान उपकरण को अपग्रेड कराने का काम अगले साल तक के लिए टाल सकता हूं, क्योंकि तब मेरे पास बजट में ज्यादा धन होगा, लेकिन तब तक अपग्रेड करने संबंधी अनुपालन की वैध समय–सीमा समाप्त हो चुकी होगी?

नहीं। बैक्सटर का अवस्थिति यह है कि कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन किया जाए। फिर भी, आप बैक्सटर के कानून विभाग से संपर्क कर सकते हैं, जो दूसरे तरीके तलाशने या अनुपालन की अवधि को बढ़ाने जैसे विकल्पों की पड़ताल कर सकता है।

# आपूर्तिकर्ता

अपने ग्राहकों के लिए गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाने में बैक्सटर आपूर्तिकर्ताओं के अपने नेटवर्क पर निर्भर करता है। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि बैक्सटर के सभी आपूर्तिकर्ता सत्यनिष्ठा के साथ व्यवसाय संचालित करने की हमारी वचनबद्धता को अपनाएं।

किसी आपूर्तिकर्ता के साथ जुड़ते समय या व्यवहार करते समय, बैक्सटर के कर्मचारियों के लिए यह आवश्यक है :

- *आवश्यकताओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करें और निष्पक्ष तथा खुली प्रतिस्पर्द्धा में शामिल हों;*
- *सुनिश्चित करें कि आपूर्तिकर्ता प्रतिष्ठित और अर्हता–प्राप्त हों;*
- *सुनिश्चित करें कि आपूर्तिकर्ता के जुड़ने से हितों का वास्तविक या आभासी टकराव पैदा नहीं होगा;*
- *आपूर्तिकर्ता से कोई भी पदार्थ, अवयव, उत्पाद या सेवाएं खरीदने से पहले बैक्सटर के आपूर्तिकर्ता की गुणवत्ता के मानक और अन्य आवश्यकताओं के अनुसार आपूर्तिकर्ता का मूल्यांकन और अनुमोदन करें;*
- *बैक्सटर के आपूर्तिकर्ताओं के लिए नैतिकता एवं अनुपालन के मानक या आपूर्तिकर्ता के अपने नैतिकता एवं अनुपालन के मानक, जबकि वे बैक्सटर की अपेक्षाओं को पूरा करते हों, के अनुसार कोई लिखित समझौता कर लें; और*
- *व्यावसायिक साझीदार से संबंधित कोई भी सार्वजनिक सहमति देने से पहले कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस से अनुमोदन प्राप्त कर लें।*

# प्रश्नोत्तर

एक आपूर्तिकर्ता के उत्पाद की गुणवत्ता और स्रोत के संबंध में मुझे दिक्कत है। मुझे क्या करना चाहिए?

प्रबंधन और वैश्विक गुणवत्ता की कॉरपोरेट अनुपालन सेवाओं को अपनी चिंताओं के बारे में तुरंत सूचित करें।

क्या मैं बाहर के किसी कल्याणकारी संगठन को कल्याण के उद्देश्य से धन इकट्ठा करने के प्रयास के भाग के तौर पर अपने आपूर्तिकर्ताओं की सूची दे सकता हूं?

नहीं। आपूर्तिकर्ताओं की सूचियां मूल्यवान परिसंपत्ति होती हैं और इन्हें गोपनीय माना जाता है। प्रबंधन की विशिष्ट अनुमति के बिना आपूर्तिकर्ताओं की सूची कभी भी बैक्सटर के बाहर के किसी व्यक्ति के सामने प्रकट नहीं की जानी चाहिए।

## आपका टूलबॉक्स

### नीतियां

- इस दस्तावेज में जैवचिकित्सा-शास्त्रीय नैतिकता, हितों का टकराव, उपहार एवं मनोरंजन, और भ्रष्ट कार्य-अभ्यासों की मनाही के मानक निहित हैं
- आपूर्तिकर्ताओं के लिए बैक्सटर नैतिकता एवं अनुपालन के मानक
- अनुबंध शोध संगठन नीति
- बा पूर्व-नैदानिक अध्ययन
- बाहर कही बैक्सटर का प्रतिनिधित्व करना
- आपूर्तिकर्ता गुणवत्ता के मानक
- मांग करने संबंधी कोई भी नीति नहीं है

### संसाधन

- "बैक्सटर के साथ व्यवसाय करना" के तहत www.baxter.com पर आपूर्तिकर्ता वेबसाइट
- आपूर्ति श्रृंखला और खरीदारी एवं आपूर्तिकर्ता प्रबंधन इंट्रानेट वेबसाइट
- कॉरपोरेट नीतियां इंट्रानेट वेबसाइट
- नैतिकता एवं अनुपालन इंट्रानेट वेबसाइट
- वैश्विक नागरिक इंट्रानेट वेबसाइट
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी इंट्रानेट वेबसाइट

### संपर्क

- वैश्विक खरीदारी का उपाध्यक्ष
- गुणवत्ता की कॉरपोरेट अनुपालन सेवाएं
- कानून विभाग
- नैतिकता एवं अनुपालन विभाग

# हमारे ग्राहक

प्राणघातक स्थितियों वाले लोगों की स्वास्थ्यचर्या संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए भरोसेमंदी और समझदारी पर निर्मित संबंधों की आवश्यकता होती है। 75 वर्षों से अधिक समय से, बैक्सटर ने स्वास्थ्यचर्या के क्षेत्र के ग्राहकों की एक श्रृंखला के साथ – डॉक्टरों, नर्सों, फार्मा. सिस्टों, रोगियों, सरकारों और अन्य अनेक के साथ – लम्बे और टिकाउ संबंध बनाए हैं।

हजारों अस्पताल और स्वास्थ्यचर्या प्रदाता जीवन–रक्षक अंतःशिरीय विलियनों और रोगियों को अनिवार्य द्रव तथा औषधियां देने वाले अन्य उत्पादों के लिए बैक्सटर पर भरोसा करते हैं। कंपनी ने स्वयं को उन फार्मास्युटिकल और बॉयोटेक्नोलॉजी कंपनियों के एक भरोसेमंद साझीदार के रूप में स्थापित किया है जो अपने औषधियों के लिए उत्कृष्ट फार्म्युलेशनों को विकसित करने में विशेषज्ञता की तलाश कर रही हैं। रोगियों के प्रमुख समुदायों, जैसे हीमोफिलिया या किडनी के रोगियों के साथ भी बैक्सटर मजबूत संबंध बनाए रखता है। इसमें थेरेपी को घर लाना, घर पर डायलिसिस करने वाले रोगियों को नियमित रूप से आपूर्तियां प्रदान करने वाले डिलीवरी विशेषज्ञों से लेकर हीमोफिलिया, प्रतिरोधकता संबंधी गड़बड़ियों, आंत्रेतर पोषण के लिए थेरेपी और घर पर इस्तेमाल की जाने वाली अन्य थेरेपियां शामिल हैं। बैक्सटर के अनेक कर्मचारी इन रोगियों और उनके देखभाल–प्रदाताओं के साथ निकट व्यक्तिगत संबंधों के साथ पेशेवर संबंध रखते हैं।

ग्राहकों को जरूरत के समय और स्थान पर उनके उत्पाद और थेरेपियां – प्रति वर्ष 10 करोड़ से अधिक तैयार उत्पादों के मामले – सुरक्षित ढंग से प्राप्त हों, इसे सुनिश्चित करने के लिए बैक्सटर 4 बिलियन डॉलर की एक वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का भी प्रबंधन करता है। बैक्सटर ने अमेजन के जरिए सपाट–तल वाली नावों पर ब्राजील के सुदूर गांवों के लिए, जमीन पर चलने वाले सभी वाहनों के जरिए ऑस्ट्रेलियाई आउटबैक के मूल निवासियों के लिए, और मडस्लाइडों के जरिए केंटुकी के रोगियों के लिए डायलिसिस के उत्पाद भेजे हैं।

स्वास्थ्यचर्या का अर्थ लोगों की सहायता करना है। ग्राहकों और रोगियों के साथ बैक्सटर के संबंध अनेक रूपों में, कंपनी के व्यवसाय की रीढ़ है, और एक महत्वपूर्ण कॉरपोरेट परिसंपत्ति है। ये संबंध बैक्सटर को ग्राहकों और रोगियों की आवश्यकताओं को चिन्हित करने

और उनका पूर्वानुमान करने और इन्हें पूरा करने के लिए नए उत्कृष्ट उत्पादों और प्रौद्योगिकियों को विकसित करने में सक्षम बनाकर कंपनी को उन्नति की ओर ले जाने में सहायता करते हैं।

साथ ही, ऐसे संबंध आसानी से समाप्त होने वाले भी हो सकते हैं, और स्वास्थ्यचर्या एक बेहद प्रतिस्पर्द्धी उद्योग है जहां किसी भी व्यवसाय की तरह मूल्य, प्रतिस्पर्द्धा और अन्य कारक खरीदारी करने के निर्णयों को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए कंपनी जिन बाजारों में व्यवसाय करती है उन सभी बाजारों में अपने विज्ञापन, प्रोत्साहन, और मार्केटिंग कार्य–व्यवहारों सहित, ग्राहकों के साथ के साथ अपने लेन–देन में नैतिकता के सर्वोच्च मानकों को कायम रखना बैक्सटर के लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण है।

**हमारे परिवेश में, अपने ग्राहकों के लिए सही चीजें करना जिंदगियां बचा सकता है, और गलत चीजें करने पर सुरक्षा के साथ समझौता हो सकता है। ग्राहकों के साथ अच्छे संबंध होना बैक्सटर के व्यवसाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि बैक्सटर के बिक्री कार्यव्यवहार और आपूर्तिकर्ता नीतियों की नैतिकता संबंधी सीमाएं स्पष्ट रूप से परिभाषित होनी चाहिए ताकि प्रत्येक आदेश को सत्यनिष्ठा के साथ डिलीवर करने में कर्मचारियों को सहायता मिल सके।**

**हमारे ग्राहक**


*24 स्वास्थ्यचर्या पेशेवरकर्मियों के साथ संबंध*

*25 विज्ञापन तथा प्रोत्साहन*

*26 भ्रष्ट कार्यव्यवहारों को रोकना*

*27 निष्पक्ष प्रतिस्पर्द्धा और गुट विरोधी विनियम*

*28 व्यापार अनुपालन*

*29 व्यावसायिक बुद्धि–चातुर्य*

# स्वास्थ्यचर्या पेशेवरकर्मियों के साथ संबंध

स्वास्थ्यचर्या पेशेवरकर्मियों के साथ बैक्सटर के संबंध अत्यधिक नियंत्रित और दुनिया भर में सख्तीपूर्वक लागू किए जाते हैं। स्वास्थ्यचर्या पेशेवरकर्मी कोई व्यक्ति या निकाय होता है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से स्वास्थ्यचर्या की डिलीवरी करने में संलग्न होता है, जिसका अर्थ बैक्सटर के उत्पाद को खरीदना, खरीदने के लिए सुझाना, किराए पर देना, सिफारिश करना या इस्तेमाल करना हो सकता है।

भुगतान को प्रशासित करने वाले नियम या किसी भी मूल्यवान वस्तु जैसे उपहार, मनोरंजन, मानदेय, प्रायोजित यात्राएं या अनुदान, के लिए विनियम जटिल और अलग–अलग देशों के लिए अलग–अलग होते हैं। इन नियमों का पालन करने में हुई नाकामी के परिणामस्वरूप उल्लेखनीय अर्थ–दंड और कभी–कभी आपराधिक जुर्माने भी देने पड़ सकते हैं। आपके लिए लागू होने वाले सभी नियमों को समझना और उनका पालन करना महत्वपूर्ण है।

बैक्सटर ने दुनिया के प्रत्येक क्षेत्र में स्थित स्वास्थ्यचर्या पेशेवरकर्मियों के साथ अपने मेल–जोल को प्रशासित करने के लिए विशिष्ट नीतियां स्थापित की हैं। किसी भी स्वास्थ्यचर्या पेशेवरकर्मी को प्रदान किया जाने वाला भुगतान या लाभ स्वास्थ्यचर्या पेशेवरकर्मी के निवास वाले और/या चिकित्सा कार्य–अभ्यास वाले देश या क्षेत्र की नीति के अनुसार होना चाहिए।

***युनाइटेड स्टेट्स के अंदर, यू.एस. के सीमावर्ती प्रदेशों और प्यूर्टो रिको में :***

- *हमारे आचरण का निर्देशन हमारी यू.एस. स्वास्थ्यचर्या नियामक नीतियों द्वारा होता है। मार्गदर्शन के लिए नियामक कानून विभाग से संपर्क करें।*

***युनाइटेड स्टेट्स के बाहर :***

- *हमारी अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, और देश–स्तरीय अनुदान नीतियां और प्रक्रियाएं इस प्रकार की गतिविधि को प्रशासित करती है। मार्गदर्शन के लिए कानून विभाग, नैतिकता एवं अनुपालन विभाग या वित्त के किसी सदस्य से संपर्क करें।*

सामान्यतः, किसी स्वास्थ्यचर्या पेशेवरकर्मी को प्रदान किए जाने वाले भुगतान या लाभ को निम्नलिखित मानकों का पालन करना चाहिए :

- *सभी भुगतानों को सटीकता के साथ दर्ज किया जाना चाहिए और ये पारदर्शी होने चाहिए।*
- *कानून विभाग की अनुमति के बिना भुगतानों को, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, सेल्स या ऐसे अन्य निर्णयों से संबंधित नहीं होना चाहिए जो कंपनी पर प्रभाव डालते हों।'*
- *भुगतानों को न्यायसंगत सेवाओं के लिए, या न्यायसंगत शोध या शिक्षा के समर्थन में होना चाहिए, जो बैक्सटर या व्यापक रूप में वैज्ञानिक समुदाय के लिए मूल्यवान हों।*
- *बैक्सटर सेवाओं के उचित बाजार मूल्य या नैदानिक अथवा चिकित्सकीय शिक्षा तथा शोध को समर्थन देने के लिए आवश्यक राशि से अधिक का भुगतान नहीं करता।*

यू.एस. से बाहर के कुछ देश खास स्थितियों में ऐसे भुगतान की अनुमति दे सकते हैं। कानूनी अनुमोदन आवश्यक है।

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

- बैक्सटर भ्रष्टाचार निवारण नीति
- वैश्विक उत्पाद अनुदान नीति
- आपके क्षेत्र की अनुदान नीति
- यू.एस. स्वास्थ्यचर्या धोखाधड़ी और दुर्व्यवहार नीति

**संसाधन**

- यू.एस. स्वास्थ्यचर्या विनियम इंट्रानेट वेबसाइट
- कॉरपोरेट नीतियां इंट्रानेट वेबसाइट

**संपर्क**

- नियामक कानून विभाग
- देश विषयक कानूनी परामर्श
- नैतिकता एवं अनुपालन विषयक क्षेत्रीय परामर्श

## प्रश्नोत्तर

परामर्श संबंधी आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए क्या बैक्सटर किसी चिकित्सक को भर्ती कर सकता है?

हां, जब तक सेवाओं के लिए न्यायसंगत आवश्यकता हो; चिकित्सक सेवाओं को करने की योग्यता रखता हो; सेवाओं के लिए भुगतान उचित बाजार मूल्य से अधिक न हो; समझौते को बैक्सटर कानून विभाग द्वारा अनुमोदित एक अनुबंध–पत्र में दर्ज किया गया हो; और बैक्सटर सेवाओं का उचित इस्तेमाल कर सकता हो।

एक स्थानीय चिकित्सक ने मुझे "इशारा" दिया है कि अगर मैं उसे परामर्श शुल्क दे दूं तो वह हमारे उत्पादों की अपनी खरीद बढ़ा देगी। मुझे क्या करना चाहिए?

चिकित्सक की पेशकश को ठुकरा दें और अपने प्रबंधक को सूचित करें। बैक्सटर सेवाओं के लिए सिर्फ तभी भुगतान देगा जबकि उन सेवाओं की कोई न्यायसंगत आवश्यकता हो, जिसे पहले ही चिन्हित कर लिया गया हो।

क्या मैं किसी स्वास्थ्यचर्या पेशेवरकर्मी को अपने साथ अपने मेहमान के तौर पर एक खेल–कूद कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित कर सकता हूं?

नहीं। इस प्रकार की गतिविधियों की अनुमति नहीं है।

# विज्ञापन तथा प्रोत्साहन

हमारे ग्राहक बैक्सटर की विश्वसनीयता के प्रति आश्वस्त रह सकते हैं क्योंकि बैक्सटर अपने उत्पादों और सेवाओं का ईमानदारी और सटीकता से वर्णन करने के प्रति वचनबद्ध है।

**विज्ञापन और प्रतिस्पर्द्धी**

बैक्सटर के कर्मचारियों को किसी प्रतिस्पर्द्धी के उत्पादों या सेवाओं की अनुचित ढंग से आलोचना नहीं करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, आपके दावों का समर्थन करने वाले उचित नैदानिक डेटा के बिना सुरक्षा और प्रभावकारिता को लेकर उत्पादों की तुलना नहीं करनी चाहिए। कुछ देशों में, किसी प्रतिस्पर्द्धी या उनके उत्पादों या सेवाओं के बारे में की जाने वाली सभी टिप्पणियों पर प्रतिबंध है, और कानूनी अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए ऐसे मामलों में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

**प्रोत्साहन**

उत्पादों और सेवाओं के बारे में विज्ञापन, साहित्य, और सार्वजनिक वक्तव्यों सहित, बैक्सटर की समस्त प्रोत्साहन सामग्री में जोखिमों और लाभों की एक संतुलित तस्वीर होनी चाहिए। सामग्रियों के समर्थन में उचित पक्षपोषण होना चाहिए, जैसे नैदानिक परीक्षण, और इनमें झूठी या भ्रामक जानकारी नहीं होनी चाहिए।

**ऑफ लेबल**

बैक्सटर के कर्मचारियों के लिए अनुमोदन से पहले या उपयुक्त नियामक प्राधिकारियों द्वारा अनुमोदित नहीं किए गए इस्तेमाल के लिए उत्पादों का प्रोत्साहन करना मना है। ऑन–लेबल वाले दावे वे होते हैं जिन्हें उत्पाद की अनुमोदित लेबल प्रति का समर्थन होता है।

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

**कॉरपोरेट गुणवत्ता नीतियां, क्रियाविधि और प्रक्रिया सीक्यूपी :**

- **सीक्यूपी0202005 ऐड प्रोमो समीक्षा और अनुमति**
- **सीक्यूपी0203003 यूरोपीय ऐड प्रोमो समीक्षा और अनुमति**
- **सीक्यूपी0203004 यू.एस. ऐड प्रोमो समीक्षा और अनुमति**

**संसाधन**

- **ग्लोबल रेग्युलेटरी अफेयर्स एडवर्टाइजिंग एंड प्रमोशन सेंटर ऑफ एक्सेलेंस इंट्रानेट वेबसाइट**

**संपर्क**

- **ग्लोबल रेग्युलेटरी अफेयर्स/एडवर्टाइजिंग एंड प्रमोशन टीम**
- **मेडिकल अफेयर्स टीम**
- **नियामक कानून विभाग**
- **नैतिकता एवं अनुपालन विभाग**

# प्रश्नोत्तर

अनेक चिकित्सक हमारे उत्पादों का इस्तेमाल एक खास प्रक्रिया के लिए करते हैं, हालांकि यह उस इस्तेमाल के लिए अनुमोदित नहीं है। क्या इस प्रक्रिया में हमारे उत्पाद के इस्तेमाल के बारे में अपने ग्राहकों के साथ चर्चा करना मान्य है?

नहीं। बैक्सटर के कर्मचारी हमारे उत्पादों को ऐसे इस्तेमाल या सुझावों के लिए प्रोत्साहित या विज्ञापित नहीं कर सकते हैं जिनके लिए उन्हें अनुमोदित नहीं किया गया या सुझाया नहीं गया है। यू.एस. में, हमारे उत्पादों के ऑफ–लेबल इस्तेमालों के बारे में सभी प्रश्नों या सवालों को मेडिकल अफेयर्स को निर्देशित कर दिया जाना चाहिए। यू.एस. के बाहर, प्राथमिकता यह रहती है कि प्रश्नों को आपके देश या क्षेत्र के लिए मेडिकल अफेयर्स को निर्देशित कर दिया जाता है, लेकिन यदि आवश्यक हो तो आप ऑफ–लेबल जानकारी के लिए अप्रार्थित अनुरोधों का जवाब दे सकते हैं, बशर्ते कि ऐसे जवाब तथ्यपरक और गैर–प्रोत्साहनकारी हों और आप इन अनुरोधों को जवाबों को दर्ज करें।

# भ्रष्ट कार्यव्यवहारों को रोकना

बैक्सटर जिन देशों में व्यवसाय करता है उन सभी देशों की कानूनी आवश्यकताएं सरकारी अधिकारियों को अनुचित भुगतान देने की मनाही करते हैं। दुनिया के अनेक हिस्सों में, सरकारी अधिकारियों में स्वास्थ्यचर्या पेशेवरकर्मी, जैसे कि डॉक्टर और अस्पताल के प्रशासक, हैं जो सार्वजनिक क्षेत्र में काम करते हैं।

बैक्सटर के कर्मचारियों के लिए निम्नलिखित उद्देश्यों से किसी सरकारी अधिकारी को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी मूल्यवान वस्तु देने की मनाही है :

- *व्यवसाय बढ़ाने या कायम रखने के लिए अथवा किसी सरकारी अधिकारी, राजनीतिक दल, राजनीतिक कार्यालय के उम्मीदवार, या जन अंतर्राष्ट्रीय संगठन के किसी अधिकारी के कार्य या निर्णय को अनुचित ढंग से प्रभावित करने हेतु;*
- *कोई अनुचित बढ़त प्राप्त करने के लिए; या*
- *किसी व्यक्ति, ग्राहक, कंपनी या कंपनी के प्रतिनिधि के कार्य को गैर–कानूनी ढंग से प्रभावित करने के लिए।*

**सटीक पुस्तकें और रिकॉर्ड**

बैक्सटर के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, और एजेंटों के लिए रिकॉर्डों को सटीक और पारदर्शी रखना आवश्यक है ताकि ये बैक्सटर के आंतरिक अकाउंटिंग नियंत्रकों की प्रणाली के अनुरूप लेन–देन और भुगतानों को दर्शाएं।

**तृतीय पक्षों के साथ अनुबंध करना**

बैक्सटर प्रायः एजेंटों, प्रतिनिधियों, स्वतंत्र अनुबंधकर्ताओं, परामर्शदाताओं, वितरकों और आपूर्तिकर्ताओं जैसे तृतीय पक्षों के साथ साझीदारियों के जरिए रोगियों के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करता है। अपने स्टेकहोल्डरों के साथ भरोसे के अपने संबंधों की हिफाजत करने के लिए, तृतीय–पक्ष के संबंधों का चुनाव तथा निगरानी करने वाले बैक्सटर के कर्मचारियों के लिए निम्नलिखित करना आवश्यक है :

- *तृतीय–पक्ष के साझीदारों पर पर्याप्त परिश्रम करना ताकि यह सुनिश्चित हो कि वे प्रतिष्ठित और योग्य हैं;*
- *तृतीय–पक्ष के संबंधों को लिखित रूप में दर्ज करना और सुनिश्चित करना कि सभी लेन–देन पारदर्शी हैं;*
- *सत्यापित करना कि उत्पादों या सेवाओं के लिए बैक्सटर उचित बाजार मूल्य से अधिक भुगतान नहीं कर रहा है;*
- *सुनिश्चित करना कि तृतीय पक्ष बैक्सटर की ओर से किन्हीं ऐसी गतिविधियों के संचालन में संलग्न नहीं हैं जिनके बैक्सटर के कर्मचारियों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से करने की मनाही हो; और*
- *बैक्सर की तृतीय पक्षों के साथ अनुबंध करने पर कॉरपोरेट नीति का पालन करना, जो कि कॉरपोरेट नीतियां इंट्रानेट वेबसाइट पर उपलब्ध है।*

**सरकारी अनुबंध**

सरकारी संगठनों के साथ बिक्री में संलग्न बैक्सटर के कर्मचारी, दुनिया के अनेक हिस्सों में सरकारी बिक्री के विशेष कानूनों और विनियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए भी जिम्मेदार हैं। सभी सरकारी बिक्रियों में कानून विभाग को शामिल करें।

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

- इस दस्तावेज में शामिल सटीक व्यावसायिक रिकॉर्ड्स और आपूर्तिकर्ताओं के मानक
- बैक्सटर भ्रष्टाचार निवारण नीति
- तृतीय पक्षों के साथ अनुबंध करने संबंधी नीति
- आपके क्षेत्र की अनुदान नीति
- वैश्विक उत्पाद अनुदान
- वित्तीय नीतियां और प्रक्रियाएं पुस्तिका
- यू.एस. सरकार की बिक्री नैतिकता

**संसाधन**

- कॉरपोरेट वित्त इंट्रानेट वेबसाइट
- कॉरपोरेट नीतियां इंट्रानेट वेबसाइट
- यू.एस. सरकार की बिक्री इंट्रानेट वेबसाइट

**संपर्क**

- नैतिकता एवं अनुपालन संबंधी क्षेत्रीय परामर्श
- कानून विभाग
- आपकी व्यावसायिक इकाई का नियंत्रक
- कॉरपोरेट लेखा–परीक्षण
- यू.एस. सरकारी बिक्री विभाग

## प्रश्नोत्तर

बैक्सटर के उत्पादों के पंजीकरण में सहायता के लिए हमारे द्वारा भर्ती किए गए एक एजेंट ने "प्रक्रिया को आसानी से आगे बढ़ाने में सहायता" के लिए अतिरिक्त 50,000 यूएसडी डॉलर देने का अनुरोध किया है। क्या यह चिंता का विषय है?

बिल्कुल। बैक्सटर निधियों को खर्च करने के उद्देश्य और उनके इस्तेमाल की स्पष्ट समझदारी बनाए बिना उन्हें खर्च नहीं करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि निधियों का इस्तेमाल रिश्वत देने या अन्य अनुचित उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाएगा। स्थिति को संभालने में सहायता के लिए कानून विभाग या नैतिकता एवं अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

# निष्पक्ष प्रतिस्पर्द्धा और गुट विरोधी विनियम

बैक्सटर स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रतिस्पर्द्धा में यकीन रखता है। हम गुट–विरोधी अनुपालन निर्देशिका के अनुसार गुणवत्ता, प्रभावकारिता, और अच्छी कीमत के आधार पर अपने उत्पादों को अपने बेचते हैं। आम तौर पर, हमारे आचरण निम्नलिखित मानकों से संचालित होते हैं। स्पष्टीकरण और अपवादों के पूर्व–अनुमोदन के लिए कानून विभाग के साथ निकटता से काम करें।

**प्रतिस्पर्द्धियों के साथ संचार**

प्रतिस्पर्द्धियों के साथ निम्नलिखित साझा **नहीं करें :**

- *मूल्य बिक्री, मार्केटिंग, दाम, आरएंडडी, या आपूर्ति की जानकारी सहित गोपनीय जानकारी;*
- *किसी भी ग्राहक, आपूर्तिकर्ता, या विक्रेता के साथ अनुबंधों की शर्तें;*
- *ग्राहकों तथा सरकारी एजेंसियों के साथ लगाई गई बोलियां, दाम, कीमत के प्रस्ताव, या आरएफपी तथा आरएफक्यू के प्रत्युत्तर;*
- *किसी भी ग्राहक, आपूर्तिकर्ता, या विक्रेता के साथ सौदे से इंकार कर रहे हैं – या करेंगे।*

**ग्राहकों या वितरकों के साथ संचार**

निम्नलिखित के विषय में ग्राहकों या वितरकों के साथ संचार **नहीं करें :**

- *बैक्सटर किसी ग्राहक/वितरक के प्रतिस्पर्द्धी के साथ सौदा करने से इंकार करेगा या नहीं;*
- *बैक्सटर द्वारा किसी ग्राहक के प्रतिस्पर्द्धी से लिए जाने वाले विशिष्ट मूल्य।*

**बिक्री की कुछ खास पद्धतियां गैर-कानूनी हो सकती हैं**

- *बंडल बनाना : ग्राहकों के लिए एक भिन्न उत्पाद खरीदने की उनकी क्षमता के शर्त के रूप में एक उत्पाद खरीदने, या खरीद की शर्त के अनुसार एक उत्पाद में छूट देने, या उत्पादों का एक बंडल खरीदने की वचनबद्धता की आवश्यकता;*
- *न्यूनतम रीसेल मूल्य : किसी ग्राहक/वितरक के साथ बैक्सटर के उत्पाद की खरीद पर उनके द्वारा रखे जाने वाले न्यूनतम रीसेल मूल्य पर सहमति बनाना;*
- *एक्सक्लुसिव अनुबंध : ग्राहकों/वितरक के साथ एक्सक्लुसिव सौदे या वितरण के अनुबंध करना।*

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

- गुट-विरोधी अनुपालन निर्देशिका
- यू.एस. सरकारी बिक्री नैतिकता

**संसाधन**

- कॉरपोरेट नीतियां इंट्रानेट वेबसाइट

**संपर्क**

- कानून विभाग
- नैतिकता एवं अनुपालन विभाग

# प्रश्नोत्तर

एक प्रतिस्पर्द्धी सेल्स प्रतिनिधि सिर्फ जानकारी के उद्देश्य से मूल्य जानकारी का आदान–प्रदान करना चाहता है। क्या यह सही है?

नहीं। मूल्य जानकारी का आदान–प्रदान करने में कीमतें नियत करने के समझौते (या ऐसा समझे जाने) का प्रमाण हो सकता है।

एक प्रतिस्पर्द्धी सेल्स प्रतिनिधि जानना चाहता है कि क्या हम एक सरकारी एजेंसी को दाखिल की गई बोलियों में "ताल–मेल" बैठाएंगे। क्या यह सही है?

नहीं। लगाई गई बोलियों में ताल–मेल बैठाने का अर्थ "जालसाजी से बोलियों का इंतजाम करना" हो सकता है और इसके परिणामस्वरूप आपराधिक दंड भरने पड़ सकते हैं।

# व्यापार अनुपालन

बैक्सटर, निर्यात और आयात नियंत्रकों सहित, लागू होने योग्य व्यापार विनियमों का अनुपालन करने के प्रति वचनबद्ध है। इन कानूनों का उल्लंघन करने पर ग्राहकों की सेवा करने की बैक्सटर की क्षमता जोखिम में पड़ती है और साथ ही बैक्सटर को काफी अधिक जुर्माना या दंड भी भरना पड़ सकता है।

व्यापार विनियम जटिल होते हैं। कर्मचारियों को बैक्सटर की अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीति का पालन करना चाहिए। कर्मचारियों को नैतिकता एवं अनुपालन विभाग के समक्ष विनियमों से संबंधित सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

जिन विनियमों का पालन किया जाना चाहिए, ऐसे बेहद महत्वपूर्ण विनियमों के उदाहरणों में निम्न शामिल हैं :

**अनुज्ञप्तियां**

यू.एस. ने कई देशों पर अनुज्ञप्तियां और व्यापार सीमाएं लागू की हैं। देशों के विरुद्ध यू.एस. अनुज्ञप्तियों और अन्य अनुज्ञप्तियों पर अपडेट के लिए, यू.एस. कोषागार विभाग के विदेशी परिसंपत्ति नियंत्रक कार्यालय की अनुज्ञप्ति कार्यक्रम सूची देखें या कानून विभाग से संपर्क करें।

**वंचित पक्ष**

आतंकवादियों, आतंकवाद का समर्थन करने वालों, नशीली दवाओं का व्यापार करने वालों आदि के रूप में पहचाने गए व्यक्तियों, समूहों, या संगठनों के साथ व्यवसाय संचालित करने की मनाही।

**प्रतिबंधित गतिविधियां**

कुछ खास देशों में रासायनिक या जैविक हथियार विकसित करने, बैलेस्टिक मिसाइल विकसित करने, या संवेदनशील न्यूक्लीयर गतिविधियों में संलग्न हो सकने वाले "अंतिम उपयोगकर्ताओं" के साथ लेन–देन करने की मनाही।

**प्रति-बहिष्करण पाबंदियां**

अरब लीग द्वारा इज़रायल के बहिष्कार के समर्थन की मनाही करता है।

**प्रतिबंधित उत्पाद और प्रौद्योगिकियां**

कुछ खास उत्पादों, सॉफ्टवेयर, और प्रौद्योगिकियों के लिए एक निर्यात लाइसेंस की आवश्यकता होती है भले ही उन्हें शांतिपूर्ण इस्तेमाल के लिए किसी मित्र देश के किसी उचित ग्राहक को भेजा जा रहा हो। विदेशी नागरिकों, जिनमें यू.एस. में रहने वाले बैक्सटर के कर्मचारी शामिल हैं, को तकनीकी डेटा का हस्तांतरण करना निर्यात माना जाता है।

**वस्तुओं का वर्गीकरण**

आयातित वस्तुओं का वर्गीकरण सटीक ढंग से करना और दिए जाने वाले उचित शुल्क का निर्धारण करने के लिए सही टैरिफ संख्या निर्दिष्ट करना आवश्यक है।

**मूल्य-निर्धारण**

शुल्क कम करने के प्रयास के रूप में वाणिज्यिक दस्तावेजों पर सामानों का कम मूल्य देने की मनाही है।

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीति

**संसाधन**

- बैक्सटर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार तथा प्रथा इंट्रानेट वेबसाइट
- उद्योग एवं सुरक्षा के वाणिज्य ब्यूरो का यू.एस. विभाग www.bis.doc.gov
- विदेशी परिसंपत्ति नियंत्रण की अनुमोदित कार्यक्रम सूची http://www.treas.gov/offices/enforcement/ofac/programs

**संपर्क**

- नैतिकता एवं अनुपालन विभाग
- बैक्सटर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार तथा प्रथा समूह

**विचारणीय प्रश्न**

- क्या लेन–देन में व्यापार प्रतिबंधित या पाबंदी वाले देशों में व्यक्तियों या संगठनों को उत्पाद भेजना, या उनके साथ व्यवसाय संचालित करना अथवा प्रौद्योगिकी साझा करना शामिल है?
- क्या मुझे ऐसे व्यापारिक लेन–देन के बारे में मालूम है जिसमें बहिष्कार करने की गतिविधि में संलग्न होने का समझौता या बहिष्कार से संबंधित जानकारी के लिए अनुरोध करना शामिल हो सकता है?
- क्या मुझे ऐसे व्यापारिक लेन–देन के बारे में मालूम है जिसमें, टैरिफ की गलत जानकारी या दस्तावेज में गलत मूल्य देने सहित, गलत दस्तावेजीकरण शामिल हो सकता है?
- क्या मैं इस बात के प्रति सरोकार रखता हूं कि मेरे संयंत्र या कार्यालय में आने वाला कोई मुलाकाती किसी प्रतिबंधित/पाबंदी वाले देश का या वंचित पक्षों की सूची में से हो सकता है?
- क्या लेन–देन कोई ऐसा संदेह या "चेतावनी–सूचक संकेत" देता है कि अंतिम गंतव्य–स्थल वह नहीं है जिसे दस्तावेजों में दर्शाया गया है? उदाहरण के लिए, क्या किसी देश के शिपमेंट में 110 वोल्ट्स के विद्युतीय उपकरण का इस्तेमाल शामिल है जबकि गंतव्य–स्थल 220 वोल्ट्स का इस्तेमाल करता है?

यदि आप उपरोक्त प्रश्नों में से किसी का भी जवाब हां में देते हैं, तो मामले की और अधिक समीक्षा जानने के लिए अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और प्रथा समूह, कानून विभाग या नैतिकता एवं अनुपालन विभाग के किसी सदस्य के साथ अपने सरोकारों पर चर्चा करें।

# व्यावसायिक बुद्धि–चातुर्य

जिस वैश्विक, तेज–चाल परिवेश में हम व्यवसाय संचालित करते हैं उसमें जानकारी बेहद महत्वपूर्ण होती है। बैक्सटर कानूनी और नैतिक ढंग से अपने व्यवसाय के प्रचालन और सफलता के लिए आवश्यक व्यावसायिक बुद्धि–चातुर्य प्राप्त करने के प्रति वचनबद्ध है।

बैक्सटर के कर्मचारी और एजेंट व्यावसायिक बुद्धि–चातुर्य हासिल करने के लिए निम्नलिखित किसी भी प्रकार की गतिविधि में संलग्न होकर हमारी सत्यनिष्ठा से समझौता नहीं कर सकते :

- *धोखाधड़ी या झूठी प्रस्तुति;*
- *गैर–कानूनी प्रविष्टि या अनधिकार प्रवेश जैसी अतिक्रमणकारी तकनीकें;*
- *गोपनीय जानकारी प्राप्त करने के लिए उपहार, रिश्वत, या बल–प्रयोग;*
- *व्यापार–गुप्तता कानूनों द्वारा सुरक्षित जानकारी मांगना या स्वीकार करना;*
- *न्यायसंगत अप्रकटीकरण समझौतों का उल्लंघन करना; या*
- *बैक्सटर के कर्मचारियों के लिए जिन गतिविधियों में संलग्न होने की मनाही है, उनमें तृतीय पक्षों का इस्तेमाल करना।*

### जांच-सूची

**उद्योग के वर्तमान चलनों पर नजर रखने के लिए बैक्सटर के कर्मचारी अक्सर ट्रेड शो में भाग लेते हैं। इस तरह के कार्य मों में भाग लेते समय, कुछ जमीनी नियमों को ध्यान में रखना चाहिए :**

- ✓ ***बैक्सटर के कर्मचारियों को हमेशा नाम वाले बिल्ले लगाने चाहिए जो बैक्सटर के साथ कर्मचारी के संबंध को सटीक रूप से बताते हों।***
- ✓ ***बैक्सटर के कर्मचारियों को ट्रेड शो में किसी भी प्रकार की झूठी प्रस्तुति या धोखाधड़ी के जरिए जानकारी प्राप्त नहीं करनी चाहिए।***
- ✓ ***बैक्सटर के कर्मचारियों को बिना अधिकार के निजी या सिर्फ–आमंत्रण वाले क्षेत्रों में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है।***

## आपका टूलबॉक्स

### नीतियां

- **इस दस्तावेज में शामिल स्वास्थ्यचर्या प्रदाताओं के साथ संबंध और भ्रष्ट कार्य-व्यवहारों के मानकों की मनाही**
- **उद्योग और प्रतिस्पर्द्धी बुद्धि-चातुर्य पर बैक्सटर की वैश्विक नीति**
- **बैक्सटर की यू.एस. सरकारी बिक्री नैतिकता के मानक**

### संसाधन

- **कॉरपोरेट नीतियां इंट्रानेट वेबसाइट**
- **यू.एस. सरकारी बिक्री इंट्रानेट वेबसाइट**

### संपर्क-सूत्र

- **कानून विभाग**
- **नैतिकता एवं अनुपालन विभाग**

# प्रश्नोत्तर

मुझसे एक प्रतिस्पर्द्धी के बारे में उद्योग बुद्धि–चातुर्य एकत्रित करने को कहा गया है। ऐसा करने के लिए, मुझे बैक्सटर की नीतियों का उल्लंघन करना होगा। क्या इस जानकारी को एकत्रित करने के लिए मैं किसी तृतीय–पक्ष के परामर्शदाता को संलग्न कर सकता हूं?

नहीं। बैक्सटर के कर्मचारियों के लिए जिन गतिविधियों में संलग्न होने की मनाही है, ऐसी किन्हीं भी गतिविधियों में तृतीय पक्षों को संलग्न नहीं किया जा सकता है।

एक चिकित्सकीय डॉक्टर की पहुंच एक प्रतिस्पर्द्धी के गोपनीय दस्तावेजों तक है और वह मेरा करीबी मित्र है। अस्पताल को नियमित सेल्स कॉलों के दौरान, डॉक्टर ने मेरे साथ प्रतिस्पर्द्धी के दस्तावेज साझा करने की पेशकश की। मुझे क्या करना चाहिए?

विनम्रता के साथ लेकिन दृढ़ता से चिकित्सक को बता दें कि आप प्रतिस्पर्द्धी की गोपनीय जानकारी को सुनने के इच्छुक नहीं हैं।

# हमारा विश्व

बैक्सटर और इसके कर्मचारी दुनिया भर के बड़े और छोटे समुदायों के हिस्से हैं। अपने व्यवसाय का प्रचालन करने के प्रति हम एक जिम्मेदाराना दृष्टिकोण रखते हैं, और हमेशा अपने काम के, अपने बनाए उत्पादों के, और हमारे द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के अल्प और दीर्घकालिक सामाजिक, आर्थिक, और पर्यावरणीय प्रभावों का मूल्यांकन करते हैं।

जिन समुदायों में हम प्रचालन करते हैं उनमें एक भरोसेमंद साझीदार के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को कायम रखने के लिए, हम विविध समूहों और एजेंसियों के साथ – रोगियों, कर्मचारियों, निवेशकों, सरकारी और नियामक एजेंसियों, न्यूज़ मीडिया, और अन्य अनेकों के साथ – संबंध बनाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं।

एक महान कंपनी होने का अर्थ एक सुरक्षित, विविधतापूर्ण, और स्वस्थ कार्यस्थल को प्रोत्साहित करना, और व्यवसाय को नैतिक ढंग से और हमारे सभी समुदायों में कानूनी आवश्यकताओं का पालन करते हुए संचालित करना है।

हम वहनीय गतिविधियों के जरिए अपने व्यवसाय के लक्ष्यों के साथ समाज की वर्तमान और भावी आवश्यकताओं में संतुलन कायम करते हैं। उत्पाद का प्रबंधकीय कार्य एक तरीका है जिसके जरिए हम यह करते हैं। इसके लिए उत्पाद के जीवन–चक्र में – शोध तथा विकास के दौरान जैवचिकित्सा–शास्त्रीय नैतिकता और वहनीय डिजाइन से लेकर विनिर्माण तथा परिवहन के दौरान ऊर्जा एवं पदार्थों के सुसंगठित इस्तेमाल करने, उत्पाद का दायित्वपूर्ण प्रोत्साहन करने, और अंततः मरम्मत करने, नवीकृत करने, और रीसाइकिल करने, या उत्पाद की जीवन–अवधि के समाप्त हो जाने पर उचित निस्तारण करने तक – सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों को संबोधित करने की आवश्यकता होती है।

बैक्सटर स्वास्थ्यचर्या के प्रति दुनिया भर के समुदायों में पहुंच बढ़ाने के लिए काम करता है। इसे बैक्सटर इंटरनेशनल फाउंडेशन से मिले उत्पाद अनुदानों, सहायता–राशियों, कर्मचारी स्वैच्छिक कार्यों, और अन्य कार्यक्रमों के जरिए प्राप्त किया जाता है। देखभाल तक पहुंच बढ़ाकर, सामाजिक और पर्यावरणीय सरोकारों को संबोधित करके, और कॉरपोरेट उत्तरदायित्व तथा सुशासन के अपने मानकों को पूरा करके बैक्सटर अपने सभी समुदायों के साथ उत्पादक साझीदारियां निर्मित करना जारी रखेंगे।

दुनिया भर के समुदायों में स्टेकहोल्डरों की जितनी संख्या और दायरे के साथ बैक्सटर मेल–जोल करता है, उसके लिए विविध प्रकार के नैतिक सिद्धांतों और कार्य–व्यवहारों का सख्ती के साथ पालन करने की आवश्यकता होती है। इनमें सरकारों और नियामक निकायों, निवेश करने वाले समुदाय, दानार्थ संगठन, और अनेक अन्य समूहों के साथ व्यवहार करने के लिए दिशा–निर्देश हैं। उचित कॉरपोरेट सुशासन ओर व्यावसायिक कार्य–व्यवहारों को सुनिश्चित करने के लिए बैक्सटर के निर्देशक मंडल और विभिन्न समितियां हैं, फिर भी व्यवसाय के सामान्य कार्य–क्षेत्र के भीतर और बाहर, दुनिया भर के समुदायों के स्टेकहोल्डरों के साथ सत्यनिष्ठा के साथ काम करने के द्वारा बैक्सटर की प्रतिष्ठा की रक्षा करना और उसे बढ़ाना प्रत्येक कर्मचारी का दायित्व है।

**एक अधिक वहनीय विश्व निर्मित करने के लिए समुदायों के साथ काम करते हुए भी, बैक्सटर कभी भी सही ढंग से व्यवसाय करने के बारे में अपनी मूल आस्था को कभी भी नजरों से ओझल नहीं होने देता है।**

**हमारा विश्व**


32 *"आंतरिक जानकारी" और प्रतिभूति व्यापार*

33 *मीडिया और निवेशकों के साथ संचार*

34 *सार्वजनिक मामले और राजनीतिक गतिविधियां*

35 *सरकारी संगठनों को जानकारी प्रदान करना*

36 *सरोकार व्यक्त करना और सही काम करना*

38 *बैक्सटर का निदेशक मंडल, सार्वजनिक नीति समिति, और कॉरपोरेट उत्तरदायित्व कार्यालय*

# "आंतरिक जानकारी" और प्रतिभूति व्यापार

बैक्सटर समय–समय पर कंपनी से संबंधित सार्वजनिक महत्व की जानकारी का प्रकटीकरण करता है। ये प्रकटीकरण पूरे, निष्पक्ष, सटीक, समयबद्ध, और समझ में आने योग्य होने चाहिए।

कंपनी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी को बैक्सटर जब तक सार्वजनिक न कर दे, तब तक कर्मचारियों को इसे गोपनीय रखना चाहिए और वे अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए इसका इस्तेमाल नहीं कर सकते। भौतिक गैर–सार्वजनिक जानकारी के आधार पर बैक्सटर के स्टॉक को खरीदना या बेचना अमेरिकी कानून का उल्लंघन है।

अपनी नौकरी की अवधि में, बैक्सटर के कर्मचारियों को अन्य कंपनियों के बारे में भी भौतिक गैर–सार्वजनिक जानकारी प्राप्त हो सकती है। कर्मचारियों को इस जानकारी को भी गोपनीय रखना चाहिए और इसके आधार पर वे दूसरी कंपनियों के स्टॉक में व्यापार नहीं कर सकते हैं।

उपाध्यक्ष या इससे ऊपर के स्तर के कर्मचारियों और भौतिक गैर–सार्वजनिक जानकारी तक नियमित रूप से पहुंच रखने वाले कर्मचारियों के लिए, डेरिवेटिव्स में व्यापार करने पर प्रतिबंधों सहित, अतिरिक्त बाध्यताएं होती है, और कुछ स्थितियों में कानूनी टीम के साथ पहले स्पष्ट किए गए व्यापारों के प्रति साप्ताहिक रूप से बंद "विंडोज़" या बाध्याताएं होती हैं। ये बाध्यताएं – और व्यापार के बारे में सामान्यतः अधिक जानकारी – बैक्सटर की प्रतिभूति व्यापार नीति में दी गई हैं।

**"भौतिक जानकारी क्या होती है?**

**भौतिक जानकारी वह जानकारी होती है जिसे प्रतिभूतियों में निवेश करने वाले महत्वपूर्ण मानते हैं। ज्यादा ठीक-ठीक कहें, तो जानकारी तब भौतिक होती है जब इस बात की संभावना हो की एक तर्कसंगत शेयरधारक निवेश का कोई निर्णय करने में इसे महत्वपूर्ण समझे या इसे कुल उपलब्ध जानकारी के मिश्रण में उल्लेखनीय बदलाव कर देने वाली जानकारी के रूप में देखा जाए।**

**भौतिक जानकारी के उदाहरणों में शामिल हैं :**

- *व्यवसायों, उत्पाद लाइनों या प्रौद्योगिकियों का अधिग्रहण या विनिवेश;*
- *नए उत्पाद या शोध या नैदानिक पहलकदमियां;*
- *वित्तीय परिणाम और चलन; या*
- *उल्लेखनीय नियामक, मुकदमे, या अनुबंध संबंधी प्रगति।*

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

- प्रतिभूति व्यापार नीतियां
- अप्रकटीकरण नीति

**संसाधन**

- कॉरपोरेट नीतियां इंट्रानेट वेबसाइट

**संपर्क-सूत्र**

- कॉरपोरेट सचिव
- कानून विभाग

## प्रश्नोत्तर

मैं अपने बैक्सटर स्टॉक के शेयरों को बेचना चाहता हूं। क्या मैं ऐसा कर सकता हूं?

आप ऐसा कर सकते हैं, बशर्ते कि आपके पास भौतिक गैर–सार्वजनिक जानकारी न हो। आपके पास मौजूद किसी जानकारी के बारे में यदि आपके कोई प्रश्न हों, तो कृपया कॉरपोरेट सचिव की टीम से संपर्क करें।

साथ ही, पूर्व–निपटारे और अन्य प्रतिबंधों के अधीन कर्मचारी सामान्यतः प्रतिबंधों के बारे में जानते हैं, अतः अपने किन्हीं भी प्रश्नों के लिए आपको कॉरपोरेट सचिव की टीम से संपर्क करना चाहिए।

# मीडिया और निवेशकों के साथ संचार

समुदाय में बैक्सटर की प्रतिष्ठा, विचार–विमर्श के लिए उचित चैनल होने और सटीक, सही समय पर, तथा सुसंगत जानकारी प्रदान करने पर निर्भर करती है।

बैक्सटर केवल कुछ व्यक्तियों को मीडिया और वित्तीय समुदाय से बातचीत के लिए अधिकृत करती है।

यदि आपको बैक्सटर की ओर से बातचीत के लिए स्पष्ट तौर पर अधिकृत नहीं किया गया हो, तो आपको मीडिया के सभी प्रश्न कॉरपोरेट संचार (Corporate Communication) और वित्तीय समुदाय के सभी प्रश्न कॉरपोरेट निवेशक संबंध (Corporate Investor Relations) को निर्देशित कर देने चाहिए।

**जांच-सूची**

**मीडिया या वित्तीय समुदायों से बातचीत करने से पहले, या ऐसे आयोजनों में अपनी बात रखने से पहले, जहां वे उपस्थित होंगे, निम्न प्रश्नों का उत्तर दें :**

✓ *क्या आपको कॉरपोरेट संचार या कॉरपोरेट निवेशक संबंध द्वारा बैक्सटर की ओर से बातचीत के लिए अधिकृत किया गया है?*

**यदि उपरोक्त प्रश्न का उत्तर आप "हां" में देते हैं, तो नीचे दिए गए कुछ और प्रश्नों पर विचार करें :**

✓ *क्या आपने मीडिया और वित्तीय समुदाय से बातचीत के बारे में बैक्सटर की नीतियों का पुनरीक्षण कर लिया है?*

✓ *आप जो जानकारी प्रदान करने वाले हैं, क्या वह पहले से पब्लिक डोमेन पर उलब्ध है? यदि नहीं है, तो क्या आपके पास लिखित अधिकार है जिससे आपको जानकारी को बाह्य रूप से साझा करने की अनुमति मिलती है?*

**यदि उपरोक्त में से किसी भी प्रश्न का उत्तर "नहीं" है, तो आपको कॉरपोरेट संचार या कॉरपोरेट निवेशक संबंध से यह जानकारी प्रकट करने का अधिकार प्राप्त करना चाहिए।**

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

- **बैक्सटर की बाह्य नीति प्रस्तुत करना**
- **प्रौद्योगिकी संसाधन कर्मचारियों द्वारा बाह्य प्रस्तुतियों पर अतिरिक्त जानकारी मेटावेब दस्तावेज #YY-031-003 पर पाई जा सकती है**
- **अप्रकटीकरण नीति**

**संसाधन**

- **कॉरपोरेट नीतियां इंट्रानेट वेबसाइट**

**संपर्क-सूत्र**

- **कॉरपोरेट संचार विभाग**
- **कॉरपोरेट निवेशक संबंध विभाग**
- **कानून विभाग**

# प्रश्नोत्तर

कौन–सी जानकारी प्रकटीकरण नीति के दायरे में आती है?

इस नीति के दायरे में हर वह जानकारी आती है जो वित्तीय समुदाय में किसी को प्रदान की जानी है (यानी, शेयरहोल्डरों और प्रतिभूति बाजार पेशेवरों सहित, जिसके साथ बैक्सटर के प्रतिभूति व्यापार की संभावना है)।

प्रकटीकरण नीति के तहत बैक्सटर की ओर से वित्तीय समुदाय से बातचीत के लिए कौन अधिकृत है?

सिर्फ निवेशक संबंधों के सीईओ, सीएफओ, कोषाधिकारी, और उपाध्यक्ष ही वित्तीय समुदाय के साथ संपर्क करने के लिए अधिकृत हैं। ये लोग कुछ अवसरों पर अप्रकटीकरण नीति के तहत बैक्सटर की ओर से बातचीत के लिए अन्य लोगों को नियुक्त कर सकते हैं। ऐसी कोई भी नियुक्ति लिखित में की जानी चाहिए।

# सार्वजनिक मामले और राजनीतिक गतिविधियां

कंपनी और उन मरीजों के हितों की पूर्ति के लिए जिन्हें हम सेवा प्रदान करते हैं, बैक्सटर दुनिया भर में नियमित तौर पर विधान–परिषद में लॉबिइंग करने और प्रशासकीय नीति निर्माण में इनपुट देने जैसी उचित राजनीतिक गतिविधियों में शामिल रहता है।

हरेक देश में राजनीतिक प्रक्रिया में भागीदारी को प्रशासित करने वाले नियम अलग–अलग होते हैं, जटिल होते हैं, और अक्सर इनके उल्लंघन पर उल्लेखनीय दंड का विधान होता है। सामान्य तौर पर, ऐसी सभी गतिविधियां बैक्सटर की सरकारी मामले और सार्वजनिक नीति टीम (जीएपीपी) के जरिए संचालित की जानी चाहिए।

***लॉबिइंग के बारे में वैश्विक नियम***

आप जहां भी स्थित हों, आपको निम्नलिखित के संबंध में सरकार के निर्णय को प्रभावित करने के सभी प्रयासों के बारे में सबसे पहले अपने जीएपीपी प्रतिनिधि से परामर्श और ताल–मेल करना चाहिए :

- *विधान एवं विनियम;*
- *निविदाएं, संविदाएं, और अनुदान;*
- *जानकारी, निरीक्षणों, जांचों, और मुकदमों के निवेदन के अतिरिक्त अन्य कोई भी मामला जिसमें बैक्सटर का हित है।*

***राजनीतिक योगदानों के बारे में वैश्विक नियम***

आप चाहे कहीं भी स्थित हों, आपको बैक्सटर की ओर से किसी राजनीतिक अभियान, राजनीतिक दल, या किसी सरकारी अधिकारी के निर्देश पर किसी भी कार्यक्रम या निकाय को आर्थिक योगदान करने से पहले अपने क्षेत्रीय या जीएपीपी या विधि विभाग के प्रतिनिधि से परामर्श और ताल–मेल करना होगा।

***सरकारी अधिकारियों को उपहार देने के बारे में वैश्विक नियम***

आप चाहे कहीं भी स्थित हों, सरकारी अधिकारियों को उपहार देने के बारे में बैक्सटर की नीति प्रतिबंधात्मक है।

आपको बैक्सटर की उपहार एवं मनोरंजन नीतियों और भ्रष्टाचार–रोधी नीतियों से परामर्श और उनका अनुसरण करना होगा, और सभी प्रश्न कानून विभाग या नैतिकता एवं अनुपालन विभाग को भेजने होंगे।

***यू.एस. में राजनीतिक गतिविधि के लिए अतिरिक्त नियम***

- *संघीय और राज्यस्तरीय लॉबिइंग : इनमें सरकारी मामलों और सार्वजनिक नीति के साथ ताल–मेल किया जाना चाहिए;*
- *कॉरपोरेट राजनीतिक योगदान : सामान्य तौर पर, बैक्सटर BAXPAC (बैक्सपैक) के माध्यम को छोड़कर, संघीय प्रत्याशियों या उनके अभियानों को आर्थिक या वस्तु के रूप में चंदा नहीं दे सकती;*
- *तकरीबन 20 राज्यों में बैक्सटर द्वारा कॉरपोरेट चंदा देना वर्जित है। राज्य या स्थानीय प्रत्याशियों या अन्य राजनीतिक अभियानों के लिए चंदा जीएपीपी द्वारा पारित होना चाहिए;*
- *यात्रा, उपहार और भोजन : उपहार या यात्रा व्यय प्रदान करने का बैक्सटर का सामर्थ्य अत्यधिक सीमित है, और ऐसी सभी गतिविधियां जीएपीपी द्वारा अनुमोदित होनी चाहिए।*

***व्यक्तिगत राजनीतिक गतिविधि***

बैक्सटर अपने कर्मचारियों को उनकी इच्छानुसार व्यक्तिगत राजनीतिक गतिविधि में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करती है, बशर्ते कि :

- *उनकी गतिविधि शुद्धतः व्यक्तिगत है, बैक्सटर की तरफ से नहीं की जा रही है;*
- *राज्य के नए कानूनों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य के राजनीतिक अभियानों को निदेशक–स्तर पर या उससे ऊपर के स्तर पर दिए जा रहे सहयोग जीएपीपी द्वारा अनुमति–प्राप्त हैं;*
- *बैक्सटर की सुविधाओं का प्रयोग नहीं किया गया है;*
- *ये गतिविधियां तथा कार्य जिम्मेदारियों से टकराते नहीं हैं।*

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

- इस दस्तावेज में शामिल हैं उपहार और मनोरंजन के मानक
- बैक्सटर भ्रष्टाचार निवारण नीति

**संसाधन**

- सरकारी मामले तथा सार्वजनिक नीति यू.एस. इंट्रानेट वेबसाइट
- सरकारी मामले तथा सार्वजनिक नीति यूरोप इंट्रानेट वेबसाइट
- सरकारी संबंध कनाडा इंट्रानेट वेबसाइट

**संपर्क-सूत्र**

- आपके क्षेत्र में सरकारी मामले तथा सार्वजनिक नीति का प्रतिनिधि
- कानून विभाग

## प्रश्नोत्तर

क्या मैं राजनीतिक प्रत्याशियों के प्रचार के लिए बैक्सटर की सुविधाओं का प्रयोग कर सकता हूं?

नहीं, बैक्सटर को उचित मूल्य पर पुनर्भुगतान किए बिना नहीं।

क्या मैं राजनीतिक प्रत्याशियों को बैक्सटर की निधियों में से योगदान कर सकता हूं?

यू.एस. में नहीं। यू.एस. से बाहर आपको पहले अपने जीएपीपी प्रतिनिधि से परामर्श करना होगा।

क्या मैं अपने सहकर्मियों से किसी राजनीतिक प्रत्याशी की संस्तुति कर सकता हूं और क्या मैं उन्हें चुनाव अभियान में चंदा देने के लिए कह सकता हूं?

हां। आप ऐसा कर सकते हैं। लेकिन अपने मातहतों के साथ सावधानी बरतें ताकि उन्हें दबाव नहीं महसूस हो।

# सरकारी संगठनों को जानकारी प्रदान करना

बैक्सटर के व्यवसाय बहुत अधिक नियंत्रित हैं और सरकारें अक्सर हमसे जानकारी मांग सकती है। हम उचित चैनलों के माध्यम से जानकारी के लिए प्राप्त तर्कसंगत अनुरोधों में सहयोग करेंगे।

- *किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा जानकारी प्रदान करने के सभी नियमित अनुरोधों की सूचना उस व्यवसाय या कार्य के लिए जिम्मेदार कानूनी परामर्शदाता को दी जानी चाहिए, जब तक कि कानून विभाग यह स्वीकृति नहीं दे कि दूसरा व्यवसाय या कार्य इस तरह के मामले को अकेले ही संभाल सकता है।*

- *बयानों, गवाही, साक्षात्कारों, या दस्तावेजों के लिए सभी सम्मन, अदालती आदेश और अनुरोधों की सूचना उस व्यवसाय या कार्य के लिए जिम्मेदार वकील को दी जानी चाहिए, जिसे इस मामले की जानकारी मुख्य वाद अधिवक्ता को देनी होगी।*

- *बैक्सटर की सुविधाओं का निरीक्षण करने या तलाशी वारंट की तामील करने के औचक निवेदन, तुरंत अपने व्यवसाय या कार्य के कानूनी परामर्शदाता को भेज देने चाहिए, जो इस मामले की सूचना मुख्य वाद अधिवक्ता को देगा। जहां स्थानीय कानून के अनुसार आवश्यकता हो, वहां आपको पहुंच की अनुमति देनी होगी।*

- *यू.एस. कांग्रेस द्वारा जानकारी मागने के लिए किए गए सभी अनुरोधों की सूचना महाधिवक्ता कार्यालय या सरकारी मामले और सार्वजनिक नीति के उपाध्यक्ष को तुरंत देनी चाहिए, ताकि उस पर उचित कार्रवाई की जा सके।*

## आपका टूलबॉक्स

**नीतियां**

- **सरकारी जांच नीतियां**

**संसाधन**

- **कॉरपोरेट नीतियां इंट्रानेट वेबसाइट**

**संपर्क-सूत्र**

- **मुख्य वाद अधिवक्ता**
- **नैतिकता एवं अनुपालन के उपाध्यक्ष**
- **मुख्य नियामक परामर्शदाता**
- **सरकारी मामले तथा सार्वजनिक नीति के उपाध्यक्ष**

# प्रश्नोत्तर

यदि कानून प्रवर्तन अधिकारी मुझसे संपर्क करें और बैक्सटर के बारे में जानकारी देने का अनुरोध करें तो मुझे क्या करना चाहिए?

आपको कोई भी जानकारी देने से पहले ऐसे अनुरोध की सूचना तुरंत कानून विभाग को देनी चाहिए। उस अधिकारी को समझाएं कि बैक्सटर की नीतियों के अनुसार कोई भी जानकारी देने से पहले उसकी सूचना कानून विभाग को देनी होती है। कानून विभाग उस सूचना का मूल्यांकन करेगा, वह आकलन करेगा कि क्या अनुरोध की गई जानकारी को प्रकट करने के लिए सम्मन देने की आवश्यकता होगी।

# सरोकार व्यक्त करना और सही काम करना

बैक्सटर के कॉम्प्लेक्स और उच्च नियंत्रित परिवेश में उचित निर्णय करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। कुछ अवसरों पर, कोई मामला सुलझाने के लिए आपको सलाह या सहायता की आवश्यकता पड़ सकती है। आपको हमारे नैतिकता और अनुपालन के मानकों के बारे जानकारी या मार्गदर्शन की मांग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

बैक्सटर, ऐसे अनुचित निर्णय करने या कार्यों से बचने के लिए, जो इन मानकों का उल्लंघन हो सकते हैं, प्रश्नों और सरोकारों पर खुले विचार–विमर्श को प्रोत्साहित करती है। बैक्सटर के वित्तीय मामलों, अकाउंटिंग के कार्यव्यवहारों, लेखा–परीक्षण संबंधी मामलों, भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी, या अन्य गंभीर सरोकारों के संदर्भ में, जहां कंपनी के हित या हमारे लोगों या परिसंपत्तियों की नैतिक या भौतिक सत्यनिष्ठा खतरे में हो, मानकों के उल्लंघन के मुद्दों को उठाना बैक्सटर के कर्मचारियों का दायित्व है।

पहले चरण में हम कर्मचारियों को अपनी चिंताएं दूर करने में स्थानीय प्रबंधन या संसाधनों की सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। वैकल्पिक संपर्कों में नैतिकता एवं अनुपालन हेल्पलाइन के जरिए नैतिकता एवं अनुपालन विभाग, नैतिकता एवं अनुपालन परामर्शदाता, या कॉरपोरेट जवाबदेही कार्यालय से संपर्क करना शामिल है।

बैक्सटर, प्रतिशोधात्मक कार्य न करने वाले परिवेश को बढ़ावा देता है, जिससे कर्मचारियों और अन्य स्टेकहोल्डरों के लिए अच्छी नीयत से नैतिकता और अनुपालन संबंधी सरोकारों को जाहिर करना सुरक्षित हो सके। प्रतिशोधात्मक कार्य न करने की नीति को बैक्सटर के उच्च प्रबंधन द्वारा सक्रिय समर्थन प्राप्त है और इसे सख्ती से लागू किया जाता है।

**नैतिकता और अनुपालन हेल्पलाइन**

नैतिकता और अनुपालन हेल्पलाइन के प्रतिनिधि आपसे किसी भी भाषा में परामर्श करने के लिए सप्ताह के 7 दिन और दिन के 24 घंटे उपलब्ध हैं। आप ऑनलाइन रिपोर्ट कर सकते हैं या वेबसाइट पर उपलब्ध अपने देश का टॉल–फ्री नंबर डायल कर सकते हैं।

नैतिकता और अनुपालन हेल्पलाइन का प्रयोग करते समय व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और सीमित संख्या में उन लोगों से ही साझा की जाएगी जिनके लिए आपकी पहचान जानना आवश्यक होगा या जो सूचनाओं और जांचों को संभालने के जिम्मेदार हैं। आपकी व्यक्तिगत जानकारी बैक्सटर की *डेटा गोपनीयता नीति* और डेटा गोपनीयता कानूनों के अनुसार रखी और प्रयोग की जाएगी। आपके लिए तब तक अपनी पहचान जाहिर करना आवश्यक नहीं है जब तक कि उस देश के विशेष कानून या नियमों के तहत ऐसा आवश्यक हो।

आपकी निर्णय करने की प्रक्रिया में इन संसाधनों का प्रयोग करना, एक ऐसे जिम्मेदार कॉरपोरेट अग्रणी के रूप में, बैक्सटर की प्रतिष्ठा बनाए रखने में हमारी सहायता करेगा जिसके कर्मियों का प्रदर्शन और सत्यनिष्ठा के लिए सम्मान किया जाता है।

# प्रश्नोत्तर

मेरे विभाग में एक आम धारणा है कि हम लोग अनुपालन–संबंधी मानक प्रचालन प्रक्रियाओं का पालन नहीं कर रहे हैं। मुझे भरोसा है कि कोई नैतिकता एवं अनुपालन हेल्पलाइन पर कॉल करके स्थिति से अवगत कराएगा। क्या मुझे वास्तव में यह मामला उठाने की आवश्यकता है?

हां, यह आवश्यक है हमारी आचार संहिता के संभावित उल्लंघन की सूचना देना और दुनिया भर में पहचाने जाने और भरोसा किए जाने के बैक्सटर के लक्ष्य का समर्थन करना प्रत्येक कर्मचारी का दायित्व है। आप इस बात के लिए किसी दूसरे व्यक्ति पर निर्भर नहीं रह सकते कि वह इस मामले को उठाएगा।

मुझे लगता है कि यदि मैंने बिना किसी ठोस प्रमाण के नैतिकता एवं अनुपालन संबंधी चिंता जाहिर की तो बैक्सटर में मेरा कैरियर समाप्त हो जाएगा। ऐसा नहीं होगा, इसके लिए आप मुझे क्या भरोसा दिला सकते हैं?

बैक्सटर का प्रबंधन एक ऐसा खुला परिवेश बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है जहां अच्छी नीयत से नैतिकता एवं अनुपालन के मामलों को उठाया जा सके, और ऐसा करने वाले व्यक्ति को कोई नकारात्मक परिणाम भुगतने का भय न रहे। बैक्सटर का प्रबंधन सूचित किए गए सभी प्रतिशोधात्मक व्यवहारों पर त्वरित प्रक्रिया करेगा और तुरंत दोष–निवारक कार्रवाई करेगा। बैक्सटर के किसी भी कर्मचारी द्वारा किए जाने वाले प्रतिशोधात्मक व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**सवाल करने और नैतिकता एवं अनुपालन संबंधी प्रश्न या सरोकार व्यक्त करने लिए संसाधन**

## आपका टूलबॉक्स

### नीतियां

- बैक्सटर आचरण संहिता
- आचार संहिता और अनुपालन पर प्रबंधन की नीति

### संसाधन

- नैतिकता एवं अनुपालन इंट्रानेट वेबसाइट

### अनुपालन संबंधी प्रश्न या सरोकार व्यक्त करना

- आपका सुपरवाइज़र, प्रबंधक, या विभाग का नेता
- कार्य–प्रणाली विशेषज्ञ जैसे विधि विभाग, एचआर, नियंत्रक, गुणवत्ता का वीपी, आदि
- नैतिकता एवं अनुपालन का क्षेत्रीय परामर्शदाता
- नैतिकता एवं अनुपालन विभाग नैतिकता एवं अनुपालन इंट्रानेट वेबसाइट
- कॉरपोरेट उत्तरदायित्व कार्यालय पोस्ट बॉक्स 154ए डियरफील्ड, आईएल 60015, यूएसए
  ईमेल *: corporate_responsibility_office_deerfield@baxter.com*
  गोपनीय फैक्स *: 1-847-948-2867*
- नैतिकता एवं अनुपालन हेल्पलाइन
  *www.baxter.com/compliance*
  *USA phone:* यूएसए फोन : *1-877-229-8373*
  अंतर्राष्ट्रीय फोन : अपने देश के टॉल–फ्री नंबर के लिए *www.baxter.com/compliance.*

# बैक्सटर का निदेशक मंडल, सार्वजनिक नीति समिति और कॉरपोरेट उत्तरदायित्व कार्यालय

बैक्सटर का निदेशक मंडल ऐसे दृढ़ सांगठनिक आधार के महत्व को समझता है, जो एक नैतिकतापूर्ण परिवेश का समर्थन करती है और सत्यनिष्ठा के साथ परिणाम प्राप्त करने में हमारी सहायता करती है।

निदेशक मंडल की सार्वजनिक नीति समिति को यह सुनिश्चित करने के अधिकार दिए गए है कि बैक्सर सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करे, इसके पास एक प्रभावी अनुपालन कार्यक्रम हो, और यह हमारे वैश्विक समुदाय के एक सामाजिक रूप से जिम्मेदार सदस्य के रूप में कार्य करे।

सार्वजनिक नीति समिति ने वर्ष 1993 में कॉरपोरेट उत्तरदायित्व कार्यालय (सीआरओ) की स्थापना की थी। सीआरओ, कर्मचारियों और निदेशकों तक बैक्सटर के नैतिकता एवं अनुपालन मानकों को संप्रेषित करने, मार्गदर्शन और प्रशिक्षण देने, कर्मचारियों के लिए चिंताओं की सूचना देने हेतु कई चैनलों को कायम रखने, और अनुपालन की निगरानी के लिए जवाबदेह है। बोर्ड की सार्वजनिक नीति समिति को सीआरओ रिपोर्ट करता है और वित्तीय मामलों पर बोर्ड की लेखा–परीक्षण समिति को रिपोर्ट करता है (चित्र देखें)।

कार्यकारी अधिकारियों या निर्देशक मंडल के सदस्यों के लिए बैक्सटर की आचरण संहिता में किसी भी प्रकार की छूट सिर्फ सार्वजनिक नीति समिति द्वारा की जा सकती है जो पूरे बोर्ड की अनुमति के अधीन है। लागू होने वाले कानून और स्टॉक एक्सचेंज नियमों द्वारा आवश्यक होने पर किसी भी प्रकार की छूट को तुरंत शेयरधारकों के समक्ष प्रकट किया जाना चाहिए।

**नैतिकता एवं अनुपालन समिति की क्या भूमिका है?**

**नैतिकता एवं अनुपालन विभाग सीआरओ की गतिविधियों को क्रियान्वित करता है। एशिया, लैटिन अमेरिका, और यू.एस. में प्रतिनिधि रखने के साथ ही, नैतिकता एवं अनुपाल विभाग पर अनुपालन नीति के विकास, प्रशिक्षण, अनुपालन संबंधी मूल्यांकन, परामर्श देने और जांच-पड़ताल करने का दायित्व है।**

**बैक्सटर का नैतिकता एवं अनुपालन ढांचा**




## आपका टूलबाक्स

**नीतियां**

- बैक्सटर की आचरण संहिता
- नैतिकता एवं अनुपालन पर प्रबंधन की नीति
- सार्वजनिक नीति समिति चार्टर

**संसाधन**

- नैतिकता एवं अनुपालन इंट्रानेट वेबसाइट
- www.baxter.com

**संपर्क-सूत्र**

- नैतिकता एवं अनुपालन विभाग

Baxter

इस दस्तावेज में निहित मानक और समर्थनकारी नीतियां समय–समय पर बदल सकती हैं। हमारे कार्य को प्रशासित करने वाले वर्तमान नियमों, विनियमों, मानकों, नीतियों और प्रक्रियाओं को जानने और उनका अनुपालन करने के लिए बैक्सटर के कर्मचारी जवाबदेह हैं।

इस दस्तावेज का सर्वाधिक नया संस्करण बैक्सटर की इंट्रानेट वेबसाइट के नैतिकता एवं अनुपालन होमपेज पर पाया जा सकता है। अंग्रेजी संस्करण और हिन्दी संस्करण के बीच विसंगति अथवा अंतर होने की स्थिति में अंग्रेजी भाषा संस्करण मान्य होगा।

यह दस्तावेज बैक्सटर और इसके कर्मचारियों के बीच कोई रोजगार अनुबंध नहीं है।

Baxter

Baxter International Inc.
One Baxter Parkway
Deerfield, Illinois 60015

www.baxter.com

**© Baxter International Inc., 2008.**
All rights reserved. Printed on recycled paper using soy-based inks.

PRINTED WITH SOY INK™
Trademark of American Soybean Association

Recycled
Supporting responsible use of forest resources
www.fsc.org Cert no. SW-COC-002352
© 1996 Forest Stewardship Council
FSC
100%